हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 285, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 अप्रैल, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

यूपी में कानून का राज, अपराधियों की पैंट गीली होते देख रही जनता : योगी

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको के फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन और किया शिलान्यास

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरक्षनगरी में अंतरराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको के फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पेप्सिको का प्लांट लगने से 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा, इसके अलावा कइयों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। गोरखपुर में इतने प्लांट लग रहे हैं कि अब युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध कम हो गए हैं। यहां पुलिस का राज चल रहा है, वहीं कानून के डर से अपराधियों की पैंट गीली हो जा रही है। उन्होंने कहा कि एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्युमेबल गुड्स) का बड़े प्लांट लगने से रोजगार के साथ ही छोटी आपूर्तिकर्ता कंपनियों, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर का विस्तार होगा। कंपनी गोरखपुर के अलावा प्रयागराज, अमेठी और चित्रकूट में भी प्लांट लगाएगी।

पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज ने गीडा में करीब 1100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू किया है। इस निवेश के धरातल पर आने से 1500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलेगा। गीडा की तरफ से औद्योगिक गलियारे में इसके लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

छह वर्षों में बदल गई गोरखपुर की छवि- सीएम ने कहा कि आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका होती है। आज यूपी और गोरखपुर विकास व सुशासन के जिस नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है, उसमें प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका है। इसी का परिणाम है कि देश में यूपी और गोरखपुर की छवि बदली है। योगी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आगे बढ़ाती है। इसी का परिणाम है कि सुशासन व बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए निवेश, पर्यटन, आर्थिक समेत सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश ने खुद को स्थापित किया है। गोरखपुर इसका उदाहरण है। गोरखपुर पहले उपेक्षित था। कानून व्यवस्था, यहां की छवि, बिजली, सड़कें, संपर्क माध्यम की सुविधा ठीक नहीं थी। कोई निवेश नहीं करना चाहता था। गोरखपुर के नाम से लोगों में भय होता था, लेकिन पिछले छह वर्षों में गोरखपुर की छवि बदल गई है। अब गोरखपुर का नाम लेने से सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है। इसे बरकरार रखने और अभिवृद्धि करने का दायित्व हर नागरिक पर है।

'हमें देश के प्रति उनके योगदान के बारे में सोचने की जरूरत', अदाणी-अंबानी पर शरद पवार का बयान

नई दिल्ली। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने अदाणी मुद्दे पर जेपीसी के गठन की मांग को लेकर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कांग्रेस की ओर से बार-बार संसद में उठाई जा रही इस मांग से खुद को अलग करते हुए कहा कि इससे कुछ खास फायदा नहीं होगा। पवार ने आगे कहा, "मेरी पार्टी ने अदाणी मुद्दे पर जेपीसी का समर्थन किया है, लेकिन मुझे लगता है कि जेपीसी पर सत्तासीन पार्टी का कब्जा रहेगा, इसलिए इससे सच्चाई सामने नहीं आ पाएगी। तो मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल ज्यादा बेहतर तरीके से सच्चाई सामने ला सकता है।" पवार ने आगे कहा, "आज कल अंबानी-अदाणी का नाम सरकार की आलोचना के लिए इस्तेमाल होने लगा है, लेकिन हमें यह देश के लिए उनके योगदान के बारे में सोचना चाहिए। मुझे लगता है कि हमारे लिए बेरोजगारी, महंगाई और किसानों का मुद्दा ज्यादा अहम है।" एनसीपी प्रमुख ने 2024 आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों की एकता को लेकर भी अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे पर एक संयुक्त बैठक की, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। कुछ मसलों पर हमारी सहमति नहीं थी और हमने उन बातों को लेकर अपने विचार भी रखे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुखोई-30 फाइटर जेट में भरी उड़ान, असम के तेजपुर एयरबेस से किया टेक-ऑफ

गुवाहाटी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को सुखोई फाइटर जेट की ऐतिहासिक उड़ान भरी। असम के तेजपुर एयरबेस से राष्ट्रपति मुर्मू ने यह उड़ान भरी। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के लिए यह गर्व की बात है कि देश की रक्षा क्षमताओं में इजाफा हुआ है और अब हम हर मोर्चे जमीन, आसमान और समुद्र में सुरक्षा करने में सक्षम हैं।

ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार के साथ राष्ट्रपति ने भरी उड़ान- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुखोई फाइटर जेट में करीब 30 मिनट तक उड़ान भरी। उड़ान के दौरान राष्ट्रपति को ले जा रहे सुखोई फाइटर जेट ने ब्रह्मपुत्र नदी और तेजपुर घाटी के ऊपर से उड़ान भरी। राष्ट्रपति भवन ने यह जानकारी दी। एयरक्राफ्ट को 106 स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। इस दौरान सुखोई ने समुद्र सतह से दो किलोमीटर की ऊंचाई पर और 800 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भरी। फाइटर जेट में उड़ान भरने वाली राष्ट्रपति मुर्मू देश की तीसरी राष्ट्रपति हैं।

सीएम ने किया ट्वीट- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर कहा कि हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तेजपुर में सुखोई फाइटर जेट की ऐतिहासिक उड़ान भरते हुए देखना बेहद ही दिलचस्प था। इस उड़ान की विशेषता यह थी कि भारत-चीन सीमा के काफी करीब भरी गई थी। इसे देखने का महत्व ही अलग है।

तीन दिवसीय दौरे पर असम पहुंची थीं राष्ट्रपति- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गुवाहाटी में गजराज महोत्सव-2023 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति और मानवता के बीच पवित्र रिश्ता होता है। जो कार्य प्रकृति और पशु-पक्षियों के लिए हितकारी है, वह मानवता के भी हित में है। धरती माता के हित में भी है। इससे पूर्व उन्होंने कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी को खाना खिलाया और जीप सफारी का लुत्फ लिया। राष्ट्रपति ने हाथियों के साथ दया का व्यवहार करने, उनके गलियारों को अवरोधों से मुक्त रखने का आग्रह किया ताकि उनकी आवाजाही आसान हो सके। राष्ट्रपति देश के सैन्य बलों के सर्वोच्च कमांडर होते हैं। सुखोई फाइटर जेट में राष्ट्रपति मुर्मू की उड़ान, उनके सैन्य बलों के साथ विभिन्न इवेंट में शामिल होने की प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे पहले मार्च 2023 में भी राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएनएस विक्रांत का दौरा किया था और वहां सैन्य अधिकारियों से बातचीत की थी। बता दें, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय असम दौरे पर गुरुवार दोपहर गुवाहाटी पहुंची थीं। हवाई अड्डे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे।

रांची में सरना झंडा के अपमान से तनाव, सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी, हिरासत में 150 से ज्यादा लोग

रांची। शहर में शनिवार की सुबह से झारखंड पाहन महासंघ सहित विभिन्न आदिवासी संगठन और सरना समिति के सदस्य सरना झंडा उखाड़ने और जलाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगहों पर लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर आवागमन को रोक दिया है। हर इलाके में जवानों को तैनात किया गया है। मुख्य रूप से बिरसा चौक के इलाके में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शहर में 40 मजिस्ट्रेट और 800 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है इसके बाद भी विरोध प्रदर्शन करने वाले लोग सड़क पर मौजूद हैं। पुलिस के द्वारा हर इलाके में वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जा रही है ताकि सड़क पर बवाल करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा सके। शहर में आम लोगों की सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को तैनात किया गया है। रांची बंद का कारण यह है कि लालपुर इलाके में स्थित करम टोली में आदिवासी जमीन पर लगे सरना झंडा को सरहुल के दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा फेंक दिया गया था। इसके विरोध में संगठनों के द्वारा बंद का आह्वान किया गया था। पुलिस शहर के अलग-अलग इलाकों में अनाउंस कर बंद करने वाले समर्थकों को शांति बनाए रखने का निर्देश दे रही है। झंडा फेंकने के आरोप में 5 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बंद के दौरान शहर के कई स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

हिरासत में लिए गए 150 प्रदर्शनकारी- रांची में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने इस विषय पर कहा है, प्रदर्शनकारियों ने राज्य के कुछ हिस्सों में सड़कों को अवरुद्ध कर दिया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। लगभग 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इधर, आदिवासी संगठनों का कहना है कि उनकी तरफ से लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

राहुल गांधी पर अनिल एंटनी का पलटवार, कहा- ये परिवार नहीं देश के लिए काम करने वालों के नाम...

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर अदाणी मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर पूछा कि सवाल वही है अदाणी की कंपनियों में 20,000 करोड़ बेनामी पैसे किसके हैं? राहुल ने आगे लिखा कि सच्चाई छुपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं। इसके साथ ही राहुल गांधी ने कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं पर भी तंज कसा है। उन्होंने एक तस्वीर को शेयर किया है। जिसमें अदाणी नाम लिखा है और उसके अक्षरों के आगे गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण रेड्डी, हिमंत बिस्वा सरमा और अनिल एंटनी नाम शामिल है। हालांकि, राहुल गांधी के इस ट्वीट पर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए अनिल एंटनी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक राष्ट्रीय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और तथाकथित पीएम उम्मीदवार को देखकर यह दुख होता है कि एक ऑनलाइन/सोशल मीडिया सेल ट्रॉल की तरह बोलें न कि एक राष्ट्रीय नेता की तरह। उन्होंने आगे लिखा कि राष्ट्र निर्माण के लिए दशकों तक योगदान देने वाले इन दिग्गज नेताओं के साथ भी मेरा नाम देखकर बहुत खुशी हुई और उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी, क्योंकि उन्होंने भारत और हमारे लोगों के लिए काम करना पसंद किया न कि एक परिवार के लिए।

कांग्रेस को झटके पर झटका, भाजपा में शामिल हुए सी राजगोपालाचारी के परपोते सीआर केसवन

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व नेता और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर-जनरल सी राजगोपालाचारी के परपोते सीआर केसवन भाजपा में शामिल हो गए हैं। हाल ही में केसवन ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस को तीन दिनों में ये तीसरा झटका लगा है। आज भाजपा का दामन थामने के बाद केसवन ने कहा, " मैं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी-भाजपा में शामिल करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, खासकर उस दिन जब हमारे पीएम तमिलनाडु में हैं। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी की जन-केंद्रित नीतियां, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन और सुधार-आधारित समावेशी विकास एजेंडा ने भारत को एक नाजुक अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि मैं पीएम के कार्यों से प्रभावित होकर ही भाजपा में शामिल हुआ हूं। केसवन ने 23 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने ट्विटर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा पत्र साझा करते हुए कहा था कि पार्टी ने उनके दो दशकों से अधिक समर्पण के साथ किए गए काम की कोई कद्र नहीं की, जिसके चलते उन्हें ये कदम उठाना पड़ा। कांग्रेस पार्टी को दक्षिण में 3 दिन में तीन झटके लगे हैं। केसवन से पहले गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी और इसके बाद शुक्रवार को अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व और अंतिम सीएम किरण कुमार रेड्डी ने भाजपा का दामन थामा था। बता दें कि अनिल एंटनी ने विवादास्पद बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में आने के बाद पार्टी से इस्तीफा दिया था। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा था कि बीबीसी भारत के खिलाफ काम करती है और वो इसकी खिलाफत करेंगे ही। वहीं, केसवन ने अपने इस्तीफे में कहा था कि किसी भी विपक्षी राजनीतिक दल के पास लोगों के लिए एक अच्छी तरह से परिभाषित सोच और संदेश होना चाहिए। उन्हें आदर्श रूप से जन-केंद्रित मुद्दों को उठाना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से, समय के साथ मैंने महसूस किया कि कांग्रेस पार्टी का रवैया और दृष्टिकोण शायद ही कभी ठोस और सुसंगत रही।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले, विपक्षी दलों की छवि धूमिल करना षड्यंत्र, इसकी जांच हो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों की छवि धूमिल करने के लिए सत्ताधारियों द्वारा पोषित वेबसाइटों, फेसबुक पेजों व अन्य सोशल मीडिया को पैसे देकर प्रचार करना, लोकतांत्रिक षड्यंत्र है। इसकी गहन जांच हो और षड्यंत्रकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो। इसके पहले सपा अध्यक्ष ने कहा कि हर तरफ से शिकायतें आ रही हैं कि भाजपा सरकार में अधिकांश गेहूं की खरीद प्राइवेट कंपनियां कर रही हैं। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। बिचौलिए औने-पौने दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं। सरकार पूरी खरीद भी नहीं कर रही है। भाजपा ने जता दिया है कि वह किसानों की शोषक और पूंजी घरानों की पोषक है। किसान को उपज का मूल्य और लागत तक नहीं मिल रही है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में अन्नदाता किसान सबसे ज्यादा मुसीबत में है। भाजपा सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। कृषि की बढ़ी लागत ने किसानों की आय आधी कर दी है। भाजपा सरकार किसानों के लिए काल बन गई है। उधर, अखिलेश यादव ने संस्कृत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष शंकर सुहैल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

कसाई बनी मां ने चाकू से रेतकर की अपने दो बच्चों की निर्मम हत्या

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के हमीरपुर बिजोरा गांव में कल रात कसाई मां ने रात में चाकू का प्रहार कर अपने दो बच्चों की निर्मम हत्या कर उनका सिर धड़ से अलग कर दिया जबकि उसकी एक पुत्री बच गई है। कलयुगी मां द्वारा अपने ही बच्चों के निर्माण हत्या करने इस घटना की जानकारी सुबह हुई। घटना की जानकारी होते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और वहां लोगों की भीड़ जुट गई। इस हृदय विदारक घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और दादा-दादी सहित समस्त परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। गाँव के लोग पापी मां को कोस रहे हैं।? सुबह घटना की सूचना पाते ही इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव को कब्जे में लेते हुए हत्यारी मां को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि हमीरपुर निवासी रामबचन यादव एंव राजमती देवी के दो पुत्र हैं। उनमें अजित यादव जम्मू में सेना में तैनात है और दूसरा पुत्र अमित यादव घर पर रहता है। शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद परिवार सोने चला गया। अजित यादव की पत्नी नीतू यादव भी अपने तीनों बच्चों हर्षित,औरव तथा परी के साथ सोने चली गयी थी। उसके एक पुत्र की उम्र 10 माह तथा दूसरे की 5 वर्ष थी। वहीं पुत्री की उम्र नौ वर्ष है। सम्भवतः रात में ही किसी समय उसने अपने दुधमुंहे पुत्र तथा दूसरे पुत्र की चाकू से गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी। उसकी तीसरी औलाद परी बच गयी। इस दर्दनाक घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई। बताया गया है कि नीतू की मानसिक स्थिति ठीक नही थी और उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही साथ परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्रीय पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु आदेशित किया।

सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत, उत्तराखंड से देवरिया जा रही थी कार

बलरामपुर। उत्तराखंड से देवरिया जा रही कार को शुक्रवार की रात बलरामपुर-उतरौला मार्ग पर बजाज चीनी मिल गेट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार सवार छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। बताया जाता है कि देवरिया जिले के श्रीरामपुर थाने के बंकुल गांव निवासी सोनू शाह परिवार के साथ कार से उत्तराखंड से देवरिया जा रहे थे। बलरामपुर से उतरौला मार्ग पर शुक्रवार की रात जब वह श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के बजाज चीनी मिल गेट के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसके बाद टक्कर मारने वाला वाहन भाग निकला। वहीं, कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सोनू समेत परिवार के छह अन्य की मौत हो गई। रात में गश्त से लौट रही पुलिस टीम ने जब क्षतिग्रस्त कार को देखा तो आननफानन कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी गई। मृतकों के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। एसओ विपुल पांडेय ने बताया कि एक की पहचान हो गई है। उसके परिजनों को जानकारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि सभी परिवार के ही सदस्य है। परिजन आ रहे हैं। इसके बाद स्थिति साफ

हो सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बलरामपुर में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री द्वारा मृतकों के परिजनों को दो लाख प्रति मृतक की आर्थिक सहायता अविलंब प्रदान करने के भी निर्देश दिये गये।

संपादकीय

कोविड-19 खतरे की आहट

किसी भी त्रासदी का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में लोग उससे बचने के लिए जितना भी संभव हो सके, वह सब करें। पिछले तीन साल के दौरान कोरोना विषाणु से उपजी महामारी की मार का जैसा दुखद अनुभव रहा है, उसमें यह वक्त की जरूरत है कि सरकार, सभी अस्पताल, संस्थान से लेकर आम लोग तक, अपनी ओर से हर स्तर पर सावधानी बरतें। फिलहाल यह चिंता इसलिए भी सता रही है कि बीते कुछ दिनों से एक बार फिर कोरोना के संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि अभी सरकार की ओर से यह कहा गया है कि इसे लेकर अनावश्यक भय फैलाने की जरूरत नहीं है, मगर सतर्क रहना चाहिए। इसे एक उचित सलाह माना जाना चाहिए, क्योंकि किसी भी स्थिति में बीमारी या कोई अन्य त्रासदी के वक्त डरने के बजाय सबसे ज्यादा जरूरत धीरज के साथ उसका सामना करने की होती है। अगर समझ-बूझ के साथ उससे निपटने के इंतजाम किए जाएं, लोग अपनी तरफ से विषाणु से बचाव के सभी तौर-तरीके अपनाएं तो कोई कारण नहीं कि इसके खतरों से पार पाना मुश्किल हो। लेकिन अगर बचाव के बजाय लापरवाही बरती गई तो याद किया जाना चाहिए कि शुरूआती दो साल में कोरोना के संक्रमण और उसकी मार ने दुनिया भर में कैसी त्रासदी पैदा की। गौरतलब है कि अकेले दिल्ली में बीते एक हफ्ते में कोरोना विषाणु के संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए और इसमें तेज बढ़ोतरी देखी गई है। देश के अन्य कुछ राज्यों में भी इसके संक्रमण से चिंता पैदा हो रही है। लेकिन इसका सामना करने के अन्य उपायों के समांतर अभी सबसे ज्यादा जरूरत इससे बचाव के उपायों के प्राथमिक तरीकों को लेकर सभी स्तर पर गंभीरता बरतने की है। इसके मद्देनजर ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शुक्रवार को देश में कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कोविड से संबंधित जांच और जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोरोना से बचाव के लिए निर्धारित नियमों के पालन पर गंभीरता बरतने को लेकर भी बात हुई। खासतौर पर सभी राज्यों को स्वास्थ्य सुविधाओं और इससे संबंधित बुनियादी ढांचे को लेकर समीक्षा पर ध्यान देने को कहा गया। दरअसल, करीब तीन साल पहले जब इस महामारी की शुरूआत हुई थी, तब इस तरह की मुश्किल स्थिति अचानक पैदा होने की वजह से स्वास्थ्य के मोर्चे पर इसका सामना करने के मामले में कई स्तर पर गंभीर चुनौतियां खड़ी हुईं थी। हालांकि तब भी सरकार की ओर से ऐसे इंतजाम किए गए, जिसकी वजह से काफी हद तक हालात पर काबू पाया जा सका। मगर इसी दौरान यह भी समझने का मौका मिला कि इस विषाणु की प्रकृति किस तरह एक स्वरूप में स्थिर नहीं है और इसके बदलते और नए बहुरूपों से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक सुचिंतित नीति की जरूरत है। यही वजह है कि बीच में कोरोना विषाणु की मारक क्षमता का जोर कम होने, टीकाकरण और अन्य स्तर पर व्यापक उपाय करने जैसी स्थितियों के बावजूद सरकार ने इस पर गहरी नजर रखी और इससे बचाव को लेकर समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते रहे। इसके बावजूद हकीकत यह है कि कोरोना के बहुरूपों ने दुनिया भर में बचाव के उपायों को लेकर सिर्फ सजग रहने का ही विकल्प छोड़ा है। इस साल एक बार फिर अचानक ही इससे संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसे लेकर निश्चित रूप से अभी घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन इस मसले पर बचाव के उपायों को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

उभर रहे मतभेद !

नित नए बयान ।
चल रहा है काल ।।
जो पहले हैं बोले ।
उसी पर सवाल ।।
उभर रहे मतभेद ।
छूट रहा है साथ ।।
भाग रहे सब दूर ।
खींच लिए भी हाथ ।।
पड़ गए अकेला ।
मिल रही ना राह ।।
हो गए एकांत ।
हैं बातें गवाह ।।
बेवजह के बोलने से ।
है हुआ नुकसान ।।
धीरे धीरे धूमिल ।
हो रही पहचान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

सर्जरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से बेहतर हुई स्वास्थ्य सेवाएं

नई तकनीकों के विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की दुनिया भी बदलती जा रही है। क्वांटम गणना और कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग अब शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में भी होने लगा है। आभासी वास्तविकता (वर्चुअल रियलिटी) और संवर्द्धित वास्तविकता (आगमेटेड रियलिटी) जैसी तकनीकों के विकास से हमारी स्वास्थ्य सेवाएं अब और बेहतर होती जा रही हैं। संवर्द्धित वास्तविकता (एआर), आभासी वास्तविकता और वीडियो सहित कई तकनीकों का संयोजन है, जहां आप एक डिजिटल दुनिया के भीतर जा सकते हैं। यह अवधारणा धीरे-धीरे अत्यधिक महत्त्व प्राप्त कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में एआर ने स्वास्थ्य सेवा उद्योग, खासकर चिकित्सा प्रशिक्षण, रोगी की देखभाल और शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं में महत्त्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की है। यह नई तकनीक न केवल डाक्टरों को सटीक निदान और उपचार करने में मदद करती, बल्कि यह रोगियों को उनके लक्षणों की समझ की सुविधा भी देती है। एआर रोगी के निदान से लेकर उपचार और उपचार के बाद मरीज से संबंधित सूचना (फालो-अप) तक में मदद कर रहा है। चिकित्सा प्रशिक्षण में इसका उपयोग करने का एक तरीका मानव शरीर के आभासी थ्री-डी माडल का निर्माण है। मेडिकल छात्रों को इन माडलों को टैबलेट और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों पर मानव शरीर रचना विज्ञान के जटिल विवरण को और अधिक यथार्थवादी तरीके से देखने की सुविधा मिलती है।

इससे छात्रों को जटिल अवधारणाओं और प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सकती है। मेडिकल छात्र शल्य तकनीकों और प्रक्रियाओं का अभ्यास करने के लिए एआर तकनीक का उपयोग करते हैं, जैसे कैथेटर डालना या लैप्रोस्कोपिक सर्जरी करना। यह छात्रों को वास्तविक रोगियों को नुकसान पहुंचाए बिना सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण में मूल्यवान व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। शरीर रचना और शल्य चिकित्सा प्रशिक्षण के अलावा एआर का उपयोग छात्रों को मानव शरीर पर दवाओं और दवाओं के प्रभावों के बारे में सिखाने के लिए भी किया जाता है। एआर ग्राफिक्स और एनिमेशन दिखाते हैं कि विशिष्ट दवाएं शरीर के साथ कैसे संपर्क करती हैं, जिससे छात्रों को विभिन्न दवाओं के प्रभावों की बेहतर समझ मिलती है। शल्य चिकित्सा स्वास्थ्य से संबंधित इलाज और देखभाल का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, और एआर प्रौद्योगिकी को इससे जोड़ने से कई लाभ हैं। ऐसा ही एक लाभ विभिन्न प्रकार के शल्य चिकित्सा के दौरान प्रक्रियाओं का यथार्थवादी चित्रण करने की क्षमता है। इसके अलावा एआर का उपयोग शल्य प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के माध्यम से शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करने में किया जाता है। शल्य प्रक्रियाओं में मृत्यु दर की संभावना काफी होती है और एआर को लागू करने से रोगियों के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों की पेशकश की जा सकती है। इसकी मदद से सर्जनों को उनके सहयोगियों के जरिए दरअसल, सहायता की जा सकती है और एआर का उपयोग अंग के प्रभावित भाग को पहचानने, जटिलताओं से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाने, नसों की संरचना और रोगी की रिपोर्ट और स्थितियों पर वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करता है। यह जानकारी सर्जन की आंखों के सामने प्रदर्शित की जा सकती है, जिससे उन्हें सर्जरी के दौरान निर्णय लेने में आसानी होती है। शल्य चिकित्सा में एआर का उपयोग करने का एक अन्य लाभ दूरस्थ विशेषज्ञता

का लाभ उठाने की क्षमता है। कुछ मामलों में शल्य चिकित्सा करने के लिए एक विशेषज्ञ की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन वे मीलों दूर किसी और शहर में हो सकते हैं। एआर आधारित एप्लिकेशन और डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके, सर्जन दूरस्थ विशेषज्ञों के साथ संपर्क बनाए रख सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट आफ थिंग्स जैसे उन्नत विश्लेषण के साथ एआर आधारित सुविधाओं का संयोजन और भी महत्त्वपूर्ण लाभ प्रदान कर सकता है, जिससे शल्य परिणामों में और सुधार हो सकता है। मेडिकल इमेजिंग शरीर के भीतर के दृश्य दशार्ने के लिए तकनीक के उपयोग को संदर्भित करता है, जिसका उपयोग चिकित्सा पेशेवरों द्वारा विभिन्न स्थितियों का पता लगाने और निदान तथा उपचार करने के लिए किया जाता है। एआर का इस्तेमाल विशेष उपकरणों को बनाने के लिए किया जा सकता है, जो आंतरिक अंगों की विभिन्न संरचनाओं और छवियों को तस्वीर की शक्ल में उतारने के लिए सेंसर और साफ्टवेयर के साथ संयोजन करते हैं। रोगी की स्थिति का व्यापक और विस्तृत दृश्य प्रदान करने के लिए ग्राफिक्स और अन्य दृश्य साधनों का उपयोग करके यह जानकारी वास्तविक समय में प्रदर्शित की जा सकती है। यह चिकित्सा पेशेवरों को संभावित समस्याओं की अधिक तेजी और सटीक रूप से पहचान करने और उसके उपचार योजनाओं को तैयार करने में मदद करती है।

मेडिकल इमेजिंग में एआर का एक प्रमुख लाभ यह है कि यह रोगियों को उनकी स्थिति और उपचार के विकल्पों के बारे में शिक्षित करने में मदद कर सकता है। रोगी के आंतरिक अंगों के चित्रांकन करके और यह दिखाते हुए कि विभिन्न उपचार उन्हें कैसे प्रभावित करेंगे, चिकित्सा पेशेवर को रोगियों की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और उनके उपचार के बारे में समुचित निर्णय लेने में मदद करता है। यह शल्य प्रक्रियाओं के दौरान त्रुटियों और जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे रोगियों के लिए बेहतर परिणाम मिलते हैं। प्रायः देखा जाता है कि कई रोगी चिकित्सकों को अपने स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाते। वे अपनी परेशानियों को बहुत बढ़ा-चढ़ा कर या कम करके बताते हैं। इस नई तकनीक के जरिए चिकित्सकों को रोगी की स्थिति के बारे में सही और व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया जा सकता है, जो व्यक्तिपरक मरीज की रपट से अलग होता है। यह तकनीक चिकित्सकों को रोगी के लक्षणों की गंभीरता का सटीक आकलन करने और उचित उपचार देने में सक्षम बनाती है। आभासी संसार या वास्तविकता और अत्याधुनिक ग्राफिक्स के उपयोग के माध्यम से रोगियों को अधिक आकर्षक और प्रभावी तरीके से नई दवा की जानकारी प्रदान की जा सकती है। यह दृष्टिकोण दवा कंपनियों को रोगियों के मन में विश्वास और भरोसा स्थापित करने में मदद करता है, जिससे उन्हें विशिष्ट चिकित्सा स्थितियों का मुकाबला करने के लिए उनके शरीर के भीतर दवा कैसे संचालित होती है, इसका थ्री-डी दृश्य प्रदान किया जाता है। वे दिन अब गए, जब रोगियों को दवा की प्रभावशीलता को समझने के लिए उनकी शीशियों के पीछे जटिल चिकित्सा भाषा को समझने के लिए छोड़ दिया जाता था। आभासी संसार या वास्तविकता तकनीक का लाभ उठा कर रोगी अब इस बात के बारे में अधिक सहजता से समझ या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि दवा उनके शरीर के साथ कैसे प्रतिक्रिया या संपर्क कर सकती है।

भ्रष्टाचार का निदान कैसे हो?

पिछले सप्ताह भ्रष्टाचार पर सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक सुर में ऐसा माहौल बना दिया, जिससे ऐसा लगने लगा है कि सारा देश भ्रष्टाचार रूपी समुद्र में डूबकर आत्महत्या करने पर उतारू हो गया है। ऐसा इसलिए कि जब भारत के सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री कहते हैं कि कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए ; क्योंकि भ्रष्टाचारियों ने अपना एक अलग मंच बना लिया है और उन्होंने अपने बचाव के लिए इस मंच पर इकठ्ठा होना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री यह भी कहते हैं कि उनका एक मात्र उद्देश्य मेरी छवि को बदनाम करना है, जिसके लिए ऐसे भ्रष्टाचारियों ने एक दूसरे को सुपारी दे दी है।

दूसरी ओर राहुल गांधी सच में प्रधानमंत्री पर पूरी तरह आक्रामक हो गए हैं। इसी भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस द्वारा उन्हें संसद में घेरा गया और बाहर तो हंगामा मचा हुआ ही है। प्रधानमंत्री की यह बात सच है कि सभी विपक्षी एक मंच पर आते जा रहे हैं और देश का माहौल गर्म होता जा रहा है। वहीं खुलकर प्रधानमंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार पर मोर्चा खोलने के लिए दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कहते हैं कि अडानी तो कठपुतली हैं। सारा पैसा और ज्ञान प्रधानमंत्री मोदी से उन्हें मिलता है। इतना खुले आम आरोप संभवतः देश के किसी प्रधानमंत्री पर आज तक किसी ने नहीं लगाया होगा। आज की तारीख में देश में जो हंगामा बरपा है, वह इन्हीं मुद्दों पर शत प्रतिशत आश्रित है।

भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ ह्यकांग्रेस फाइल्स का पहला एपिसोड जारी किया है. बीजेपी का दावा है कि वह इसके जरिए कांग्रेस की तरफ से किए गए सभी भ्रष्टाचारों की पोल खोलेगी। पहले एपिसोड में कांग्रेस राज के घोटालों को बताते हुए बीजेपी ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा। बीजेपी ने कांग्रेस फाइल्स का पहला एपिसोड ट्वीट कर कहा कि इस एपिसोड में देखिए कैसे कांग्रेस राज में एक के बाद एक भ्रष्टाचार और घोटाले हुए। बीजेपी ने एक अप्रैल को ट्वीट कर कहा था कि वह कांग्रेस के भ्रष्टाचारों का खुलासा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी को लेकर बीते दिन भी एक छोटा वीडियो क्लिप जारी किया था। इसमें सोनिया गांधी और यूपीए के समय के घोटालों- 2 जी स्पेक्ट्रम और कोयला आवंटन घोटालों को दिखाया गया है। कांग्रेस शासनकाल में हुए भ्रष्टाचार पर भारतीय जनता पार्टी ने वीडियो जारी करते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस के शासन काल में 1.86 लाख करोड़ रुपए का कोयला घोटाला, 1.76 लाख करोड़ रुपए का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, 30 लाख करोड़ का मनरेगा घोटाला , 70,000 करोड़ रुपए का कॉमनवेल्थ घोटाला, इटली से हेलीकॉप्टर सौदे में 362 करोड़ रुपए की घूस , रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के लिए 12 करोड़ रूपए की घूस की घटनाएं हुई थीं। वीडियो संदेश के अंत में भाजपा ने कहा, यह तो कांग्रेस के भ्रष्टाचार की सिर्फ झांकी है, फिल्म अभी खत्म नहीं हुई है। इससे पहले कांग्रेस ने भी अडानी मुद्दे पर बीजेपी पर हमला बोला था और हम अडानी के हैं कौन अभियान के तहत सवालों के कई सेट जारी किए थे। पार्टी ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने विभिन्न परियोजनाओं में अडानी समूह को एकाधिकार दे दिया है। भाजपा पर मनमानी करने का आरोपः भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द करने का कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कांग्रेस, भाजपा पर मनमानी करने और जनता की आवाज को दबाव का आरोप लगा रही है। इसी मामले को लेकर शहर के विश्राम गृह में पत्रकारवार्ता रखी गई। किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, विधायक आशीष छाबड़ा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि देश में आम आदमी की आवाज उठाना और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष और 4 बार के सांसद राहुल गांधी को संसद में बोलने तक नहीं दिया जाता। उनका माइक बंद कर दिया जाता है। सूरत की सत्र अदालत से जमानत की अवधि बढ़ाए जाने के एक दिन बाद राहुल गांधी ने मंगलवार को अडानी कंपनियों में धन के लेन-देन पर फिर से सवाल उठाया है। उन्होंने खुले शब्दों में पूछा कि अडानी की शेल कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं? राहुल गांधी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के लिए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने न्यायपालिका पर दबाव बनाने के बीजेपी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, मेरा एकमात्र सवाल ये है कि अडानी शेल कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपये किसके हैं. इनको (बीजेपी) इसका जवाब देना चाहिए और स्पष्ट करना चाहिए कि ये करोड़ों रुपये किसके हैं? दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में कहा कि देश में दो लोगों को छोड़कर सब डरे हुए हैं। जिस दिन मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे, उस दिन भारत भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा। यह बातें उन्होंने विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए कहीं। सदन में प्रस्ताव पेश होते ही भाजपा के सारे विधायक सदन छोड़कर बाहर निकल गए। इस पर केजरीवाल ने कहा कि वे भी आएं और अपनी बात रखें। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नोटबंदी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया. केजरीवाल ने लखनऊ में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में किसी को भी जिताएं, लेकिन बीजेपी को यूपी की सत्ता में ना लाएं। सीएम केजरीवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी यूपी में चुनाव नहीं लड़ेगी, लेकिन बीजेपी को हराने के लिए पूरा जोर लगाएगी. केजरीवाल नोटबंदी को लेकर पीएम मोदी पर हमलावर रहे. केजरीवाल ने इनकम टैक्स की उसी रिपोर्ट को हवा में लहराते हुए लोगों को दिखाया और कई गंभीर आरोप जड़ दिए, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मानने से इंकार कर दिया। केजरीवाल ने इस रिपोर्ट में दर्ज बिड़ला और सहारा जैसी कंपनियों का नाम लेकर पीएम मोदी को भ्रष्टाचारी और रिश्वतखोर तक बताया. यही नहीं अरविंद केजरीवाल ने विजय माल्या से भी पीएम मोदी का रिश्ता जोड़ने की कोशिश की, हालांकि विजय माल्या और मोदी के रिश्ते का कोई सबूत नहीं पेश कर सके। रैली तो मोदी के खिलाफ ही थी लेकिन केजरीवाल ने लोगों से संवाद मोदी स्टाइल में ही किया। पीएम मोदी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाकर लोगों से ना सिर्फ हाथ उठाकर उसका समर्थन कराया, बल्कि मीडिया के कैमरों को भी लोगों की ओर दिखाने को कहा. हालांकि केजरीवाल, विजय माल्या का रिश्ता मोदी से सीधा नहीं जोड़ पाए, तो उसी फाइल में दर्ज नामों के आधार पर मोदी और विजय माल्या को जोड़ दिया।

राहुल सांकृत्यायन की रचनाओं में विश्व दर्शन की झलक मिलती है

9 अप्रैल 1893 में उत्तर प्रदेश के पूर्वी छोर पर स्थित संगीत और साहित्य की संस्कार भूमि आजमगढ़ के पन्दहा गाँव में पैदा हुए राहुल सांकृत्यायन बहुभाषाविद,बहुमुखी प्रतिभा से सम्पन्न और विलक्षण साहित्यकार,

9 अप्रैल राहुल सांकृत्यायन जन्मदिवस

इतिहासकार, प्रखर साम्यवादी चिंतक और विचारक थे । घुमक्कड़ी जीवन व्यतीत करने वाले राहुल सांकृत्यायन ने यात्रा वृतांत और यात्रा साहित्य को अत्यंत समृद्ध किया। ' गंगा से बोल्गा ' और ' मेरी जीवन यात्रा 'जैसी साहित्यिक रचनाओं ने उन्हें यात्रा साहित्य का पितामह बना दिया। हिन्दी साहित्य के विशाल साहित्यिक संसार में यात्रा वृतांत और यात्रा साहित्य को राहुल सांकृत्यायन के विशेष अवदान के लिए स्मरण किया जाएगा। पूर्वांचल के खेत खलिहानो की प्यास बुझाने वाली तमसा के तट पर पैदा हुए गंगा घाटी के इस महान साहित्यिक सपूत ने कश्मीर घाटी से लेकर तिब्बत, श्रीलंका, लगभग सम्पूर्ण मध्य एशिया, सोवियत संघ और काकेशस तक जिज्ञासु मन मस्तिष्क से भ्रमण किया। राहुल सांकृत्यायन की साहित्यिक साधना अटल, अविरल, अद्वितीय और रोमांचकारी थी। उन्होंने पर्वतों, पहाडों , नदियों और हजारों मील दूर ककरीले पथरीले दुर्गम रास्तों पर चलकर विभिन्न भाषाओं और बोलियों की अनगिनत पाण्डुलिपियों और ग्रथो को एकत्रित तथा संग्रहित किया तथा न केवल हिन्दी साहित्य बल्कि सम्पूर्ण विश्व साहित्य को अत्यंत उत्कृष्टता प्रदान किया। घुमक्कड़ी स्वभाव के यथार्थवादी दृष्टि रखने वाले राहुल सांकृत्यायन ने विश्व भ्रमण के फलस्वरूप विश्व व्यापी मानवतावादी दर्शन और विश्व दर्शन को अपनी साहित्यिक सर्जनाओं में पिरोने का श्लाघनीय प्रयास किया। बचपन में ही माताजी के निधन के कारण राहुल सांकृत्यायन बाल विवाह जैसी उस समय प्रचलित कुप्रथा के शिकार हो गए। बचपन में ही विवाह की घटना ने उनको यायावरी अथवा सन्यासी चरित्र का बना दिया। विवाह के उपरांत महावीर स्वामी ,महात्मा बुद्ध और अन्य ज्ञानपिपासु ऋषियों मुनियों सत्यसाधको की तरह राहुल ने भी गृहत्याग दिया। सन्यासी चरित्र वाले राहुल सांकृत्यायन शौकिया घुमक्कड़ी नहीं थे बल्कि उनके घुमक्कड़पन में सृजनशीलता, रचनाधर्मिता और सच्चे ज्ञान-विज्ञान का भूखा-प्यासा दृढ निश्चयी पथिक दिखाई देता है।

कुप्रथाओं, कुरीतियों, अंधविश्वासो और विसंगतियों के प्रति विद्रोह करने का साहस रखने वाले राहुल सांकृत्यायन के अन्दर विविधताओं को आत्मसात तथा हृदयंगम करने का अद्भुत हुनर था। विश्व भ्रमण के दौरान वह जहाँ भी गये वहाँ की भाषा, बोली को सीखा समझा और वहॉ की संस्कृति के साथ

घुल-मिल गए। प्रकारांतर से राहुल सांकृत्यायन ने विविध लोक संस्कृतियों को अपनी जीवन शैली और चरित्र में धारण कर लिया। वह जहाँ भी गए वहाँ के समाज, साहित्य, संस्कृति तथा उपलब्ध ज्ञान-विज्ञान का गहनता, गम्भीरता और गूढता से अध्ययन किया। इसलिए उनकी लगभग समस्त साहित्यिक कृतियों में गहरी सूझ-बूझ, समझदारी और दृष्टिकोण में व्यापकता झलकती है। चिंतक, विचारक और इतिहासकार के साथ-साथ साहित्यकार भी अपने दौर की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से गहरे रूप से प्रभावित रहता हैं। राहुल सांकृत्यायन भी उस दौर की उपज थे जब ब्रिट्रिश सरकार अपने साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं को साधने के लिए भारत की खेती-किसानी, मौलिक भारतीय अर्थतंत्र, सामाजिक बुनावट और सांस्कृतिक जन-जीवन को तहस-नहस कर रही थी। स?क्रमण के दौर से गुजर रहे भारतीय समाज, साहित्य और संस्कृति ने युवा होते राहुल सांकृत्यायन को गहरे रूप से प्रभावित किया। बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब और दक्षिण भारत में समाज सुधारको द्वारा भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों, कुप्रथाओं और अंधविश्वासो के विरुद्ध सतत संघर्ष चलाया जा रहा था। स्वाधीनता संग्राम की मुख्य तथा अग्रणी राजनीतिक जमात कांग्रेस अभी जवानी की दहलीज पर कदम रख रही थी। इन समस्त संक्रमणकालीन चहलकदमियों, परिघटनाओं और परिस्थितियों ने राहुल सांकृत्यायन को गहरे रूप से प्रभावित किया। घुमक्कड़ी स्वभाव के राहुल सांकृत्यायन ने न केवल भौगोलिक भ्रमण किया बल्कि मन, मस्तिष्क और वैचारिक दृष्टि से भी वह यायावर रहे। वैचारिक यात्रा पथ पर उन्होनें वेदांती , आर्यसमाजी, किसान नेता, बौद्ध भिक्षु से लेकर प्रखर तथा प्रतिबद्ध साम्यवादी चिंतक और विचारक तक का लम्बा सफर तय किया। एक बेहतर समाज तथा बेहतर सामाजिक परिवेश बनाने की तडप रखने वाले राहुल सांकृत्यायन की यायावरी जीवन शैली ने उनके मूल नाम केदारनाथ पाण्डेय को नेपथ्य में डाल दिया। श्रीलंका में बौद्ध धर्म की दीक्षा लेने के कारण बौद्ध भिक्षुओ ने उनका नामकरण राहुल कर दिया। उनकी अद्भुत तर्कशक्ति, कुशाग्रता, मेधाशक्ति और विलक्षण बौद्धिक प्रतिभा को ध्यान में रखकर काशी के पंडितों ने उन्हें महापंडित से सुशोभित किया।

सामाजिक , आर्थिक तथा सांस्कृतिक रूप से शोषित, वंचित, पददलित, पदक्रमित, तिरस्कृत बहिष्कृत तथा सतह के आदमी के पक्ष में राहुल सांकृत्यायन की रचनाओं में सामाजिक और सांस्कृतिक क्रान्ति का उद्घोष स्पष्ट रूप से झलकता है। इसलिए राहुल सांकृत्यायन को आधुनिक भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत के रूप विभूषित किया जाता हैं। सहकार, समन्वय, साहचर्य, सहिष्णुता, सुहृदयता और समता पर आधारित समाज बनाने की तडप उनकी रचनाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। इस दिशा में खून की प्यासी दुनिया को सत्य,अहिंसा और करूणा से अभिसिंचींत करने वाले तथा भारत में प्रथम सामाजिक क्रांति के प्रणेता महात्मा बुद्ध के तार्किक, बौद्धिक और दार्शनिक विचारों पर उनका शोध हिन्दी साहित्य में मील का पत्थर माना जाता हैं। यह निर्विवाद तथ्य हैं कि- साहित्य राजनीति और सामाजिक जीवन को दिशा दिखाने वाली एक मशाल की तरह होती हैं। महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विविध साहित्यिक रचनाएं आज भी भारतीय जन जीवन में एक मशाल की तरह प्रखरता से प्रज्वलित हैं। 1958 मे साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत तथा 1963 मे पद्मभूषण से विभूषित राहुल सांकृत्यायन ने साहित्य की लगभग समस्त विधाओं में अपनी लेखनी चलाई। सतमी के बच्चे, बोल्गा से गंगा, बहुरंगी मधुपुरी, कनैला की कथा (कहानियां) बाईसवीं सदी, जीने के लिए, जय यौधेय, भागो नहीं दुनिया को बदलो, मधुर स्वप्न, संप्तसिंधु, विस्मृत यात्री, दिवोदास (उपन्यास) , महामनव बुद्ध, सरदार पृथ्वी सिंह, नये भारत के नये नेता, अतीत से वर्तमान , कार्ल मार्क्स, लेनिन, स्टालिन तथा वीर चन्द्र सिंह गढवाली (जीवनियॉ) जैसी अमर ओजस्वी रचनाएँ आज भारतीय पाठक मन मस्तिष्क और हृदय को उद्वेलित और झकझोरती रहती हैं। भारतीय मनीषा की श्रेष्ठ धरोहर, इतिहासकार, आधुनिक भारत के सामाजिक क्रांतिदूत, महान चिंतक विचारक और उत्कृष्ट साहित्यकार को उनके जन्मदिन पर हिन्दी साहित्य जगत की तरफ से शत-शत नमन।

मनोज कुमार सिंह

लेखक/ साहित्यकार /उप सम्पादक -कर्मश्री मासिक पत्रिका।

स्व. अखिलेश्वर सिंह की 36वीं पुण्यतिथि पर स्कूल का सौंदर्यीकरण व नये निर्माण कार्य का लोकार्पण

प्रखर वाराणसी। रघुवंश इण्टर कालेज धौरहरा वाराणसी के संस्थापक एवं प्रथम प्रधानाचार्य स्व० अखिलेश्वर सिंह की 36वी पुण्य तिथि पर कालेज परिसर में कराए गए सुंदरीकरण और निर्माण कार्य का लोकार्पण स्वर्गीय अखिलेश्वर सिंह की पत्नी दमयंती सिंह और चंदौली सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह के हाथों हुआ । विधायक सुशील सिंह समय रघुवंश इंटर कॉलेज के प्रबंधक भी हैं। इस अवसर पर विधायक सुशील सिंह ने कहा कि समाज सेवा व शिक्षा के जनक और हम सभी के अविभावक रहें हैं स्व० अखिलेश्वर सिंह उर्फ बच्चा सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करता हूं। वे हमेशा समाज की सेवा के लिए आगे रहते थे। उनकी सोच थी कि इलाके के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले अपने उस सोच को साकार किया। मै उनके पदचिन्हों पर चलते हुए इस विद्यालय के विकास के लिए सहयोग करता रहूंगा। कार्यक्रम में अनेकों वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी जिसमें कुछ वक्ताओं ने विद्यालय की स्थापना पर कहा कि सन् 1979 में ग्राम धौरहरा में किसान सेवा समिति का गठन हुआ इसी समिति द्वारा संचालित रघुवंश इण्टर कालेज की स्थापना हुई इसके संस्थापक स्व० अखिलेश्वर सिंह उर्फ बच्चा सिंह प्रथम प्रधानाचार्य थे। और स्व० दयानंद सिंह जी पहले प्रबंधक हुए। दयानंद सिंह जी 1992 में इस्तीफा दे दिये। उसके बाद 1992 में स्व० उदय नाथ सिंह चुलबुल सिंह प्रबंधक बने और संस्थापक के सपने को साकार किया बाद में स्वास्थ ठीक न होने के कारण सन् 2012 में इस्तीफा दे दिये। उसके बाद माननीय सुशील सिंह जी विधायक रघुवंश इण्टर कालेज के प्रबंधक बने और आज उन महापुरूषों के सोच को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। और विधायक जी का हमेशा यही प्रयास रहता है कि विद्यालय आगे बढ़ता रहें । उनका प्रयास है कि यहां महाविद्यालय बने और क्षेत्र के बच्चे उच्च शिक्षा ले सके । इस मौके पर संस्थापक जी की पत्नी दमयंती सिंह जी का विधायक सुशील सिंह जी ने अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया। संस्थान के सक्रिय भूमिका में रहने वाले रविन्द्र प्रताप सिंह ने संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य अरविंद सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बांके श्याम सिंह, राज बहादुर सिंह, डाक्टर राजेश गुप्ता, अखिलेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, यज्ञनारायण सिंह, बलवन्त सिंह, विनय मिश्रा,दुरबिंद सिंह, श्याम जी पांडेय, विष्णु रधुवंशी, सीता राम पांडेय , मनोज विश्वकर्मा, गोलू मिश्रा, इन्द्र देव पांडेय, सुक्खू यादव धर्मेंद्र यादव, विशाल यादव, दिनेश पांडेय, अंजनी सिंह अमरुला खां, राज बहादुर सिंह राणा, नीरज सिंह, गुड्डू सिंह प्रधान, आदि काफी संख्या में प्रमुख गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

धन उगाही के आरोप में सुहवल थानाध्यक्ष समेत 6 पुलिसकर्मी हुए निलंबित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शुक्रवार की रात धन उगाही के आरोप में शिकायत पर सुहवल थाना अध्यक्ष बागीश विक्रम सिंह समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इन पुलिसकर्मियों पर गैर जनपद चंदौली जाकर एक मछली व्यवसाई के ट्रक को पकड़ने एवं उससे धन उगाही का आरोप लगा है। इसकी शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने यह कार्यवाही की है इसके तुरंत बाद ही सभी को थाने से पुलिस लाइन के लिए रवाना होने का आदेश जारी कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष सुहवल बागीश विक्रम सिंह अपने किसी करीबी के जरिए मछली लदे ट्रक को पकड़ने तथा धन उगाही के लिए बीते गुरुवार को निजी वाहन से सादे वेश में अपने पुलिसकर्मियों के साथ चंदौली गए थे। लेकिन ट्रक की लोकेशन नहीं मिलने पर वापस थाने आ गए। अगले दिन शुक्रवार को तीन निजी वाहनों में उपनिरीक्षक रामबाबू सिंह, दीवान देवेंद्र यादव, कांस्टेबल शुभम यादव, शिवकुमार और मनोज को साथ लेकर गए थे। जहां उन्होंने ट्रक को हाईवे से अपने कब्जे में लेकर सुहवल के लिए निकल पड़े। जबकि ट्रक को वाराणसी की ओर जाना था। ट्रक को पुलिस कर्मियों ने सैयदराजा की और जैसे ही लेकर मुड़े इसकी लोकेशन ट्रक के मालिक को जीपीएस से मिल गई ।वह ट्रक के लूट की आशंका के मद्देनजर अपने वाहन से उसका पीछा शुरू कर सैयदराजा थाने के पास घेरकर हल्ला शुरू कर दिया

।जिसके बाद मौके पर चंदौली पुलिस पहुंच गई। वही ट्रक मालिक ने इसकी पूरी जानकारी आईजी, डीआईजी को फोन से दिया। मामला बिगड़ता देख सुहवल थाना अध्यक्ष बागीश बिक्रम सिंह ने खाकी का रौब दिखाया बाद में सुलह समझौते पर आ गए। लेकिन ट्रक मालिक ने एक न सुनी पूरे मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। गाजीपुर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष बागीश विक्रम सिंह, एक उपनिरीक्षक, एक दीवान, 3 कांस्टेबल को निलंबित कर दिया।

जीएम ने किया पौधशाला का निरीक्षण, दिए निर्देश

प्रखर पिंडरा वाराणसी। नोडल अधिकारी व अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा जीएम यूपीएफसी सुजाय बनर्जी द्वारा शनिवार को सिसवा में लगे दो पौधशालाओं का निरीक्षण किया। बाबतपुर वन प्रभाग से सम्बद्ध सिसवा अ में 222436 पौधे तथा सिसवा ब में 139423 पौधों का उगान किया गया है जिसे सुजाय बनर्जी द्वारा निरंतर निराई गुड़ाई करते रहने तथा पौध उगान की सफलता शत प्रतिशत बनाये रखने के निर्देश दिए। श्री बनर्जी ने पौधशाला के देखरेख के कुछ टिप्स भी दिए। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी वाराणसी संजीव सिंह, उप प्रभागीय वन अधिकारी राकेश कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष कुमार सोनकर, वन दरोगा मु. इजहार, के. बी. सिंह, श्रीकांत श्रीवास्तव व रमाशंकर यादव समेत अनेक वन कर्मी उपस्थित रहे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

लखीमपुर खीरी। वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में, पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में एवं पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में आज रिजर्व पुलिस लाइन खीरी परिसर में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारीजन हेतु "निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य जाँच शिविर में नेत्र, हड्डी व शिशु विशेषज्ञों द्वारा जाँच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गई। उक्त शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ० आर०पी० वर्मा, नेत्र सर्जन, डॉ० पूनम वर्मा एवं आर्थो सर्जन, डॉ० ए०के० द्विवेदी द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार की महिलायें व बच्चों के नेत्र, हड्डी व शिशु संबंधी बीमारियों की जाँच की गई।

माता शीतला धाम में दो दिवसीय मेला सकुशल सम्पन्न होने पर थानाध्यक्ष समेत पुलिस टीम को किया गया सम्मानित

वाराणसी। मिजार्मुराद क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर मां शीतला धाम में लगे दो दिवसीय मेला सकुशल सम्पन्न कराने पर शुक्रवार को प्रतापपुर गांव शीतला माता मंदिर के पास स्थित सी.बी.एस इंटरमीडिएट कालेज में मिजार्मुराद एसओ दीपक कुमार रनावत व खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान को मंदिर के व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्य त्रिभुवन नाथ सिंह व पूर्व प्रधान रुद्र प्रताप सिंह द्वारा माल्यार्पण करने के बाद स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।बताते चले कि माता शीतला धाम पर लगने वाला मेला प्रत्येक वर्ष चैत्र पूर्णिमा पर दो दिवसीय लगता है।जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्रित

होती है।यह धाम अपने आप में आलौकिक है क्योंकि यहां माता के आलोप रूप की उपासना की जाती है।यहां पर मां के दर्शन करने के लिए काफी दूर दराज से लोग आते है।इस अवसर पर मिजार्मुराद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा मेला सकुशल सम्पन्न कराया गया ।इस दौरान कालेज के अध्यापकों द्वारा उमेश उपाध्याय (पत्रकार) व अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' (पत्रकार) को माल्यार्पण करने के बाद स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।इस दौरान चंद्रभान सिंह, प्रबंधक त्रिवेदी नाथ, मिजार्मुराद थाने के पुजारी अजय मिश्रा, गजराज, पूर्व प्रधान बबलू सिंह, आनंद त्रिपाठी, चांदनी, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

युवाओं ने Y20 चौपाल लगाकर किया प्रशिक्षण

प्रखर रामनगर वाराणसी। अर्जुन शर्मा योगी के नेतृत्व में राम नगर मंडल बलुआघाट नाव पर Y20 का चौपाल लगाया जिसमें नगर के युवाओं एवं अन्य कॉलेजों के युवाओं को आमंत्रित कर G20 एवं Y20 पर चर्चा की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर शिव प्रकाश (डिपार्टमेंट ऑफ साइकेट्रिक) आई एम एस बीएचयू एवं विशिष्ट अतिथि डा हरिश्चन्द्र तेवतिया अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक व शिक्षा केंद्र बीएचयू में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उपस्थित रहें मुख्य अतिथि डा शिव प्रकाश ने अपने वक्तव्य में स्वास्थ पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कहां कि आज के समय में सभी युवाओं को स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए नियमित दिनचर्या को बदलने की जरूरत है जिससे हमारा जीवन हमेशा स्वस्थ मन एवं स्वस्थ शरीर प्रकृति की ओर आकर्षित करता रहे हर व्यक्ति को हमेशा व्यायाम प्राणायाम व आयुर्वेद की तरफ ही चलना चाहिए जिसके वजह से हमारे जीवन में अन्य प्रकार की रोगों से लड़ने की क्षमता को अत्यधिक बढ़ाया जा सके और किसी भी प्रकार का रोग शरीर को ना छुवे विशिष्ट अतिथि डॉ हरीश चंद्र तेवतिया जी ने अपने वक्तव्यों को सभा पटल पर रखते हुए जीवन के कल्याण एवं खेल के बारे में चर्चा किया तेवतिया जी ने चर्चा करते हुए कहा की आज के समय

में मनुष्य को सात्विक आहार एवं शुद्ध शाकाहारी होते हुए अपने दिनचर्या को बदलते हुए नियमित रूप से अपने कार्यों पर ध्यान देना चाहिए जिससे जीवन सुव्यवस्थित रुप से चल सके तेवतिया जी ने कहा हर मनुष्य को अपने नियमित क्रिया में सुबह के ब्रह्म मुहूर्त में उठकर व्यायाम प्राणायाम करके शरीर को रोग मुक्त किया जा सकता है और आज के समय में हर व्यक्ति को चाहे वह बालक हो या फिर युवा हो या बुजुर्ग हो सभी को योग के माध्यम से या खेलकूद के माध्यम से या दौड़ के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इससे अच्छा कोई भी उपाय जीवन में नहीं है उन्होंने दिनचर्या को बदलने के लिए अपने वक्तव्यों को रखा अर्जुन शर्मा योगी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता रजत जायसवाल ने किया एवं संचालन विवेक सिंह सोनू ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजत जयसवाल अजय प्रताप सिंह अर्जुन शर्मा योगी तिरुपति मिश्रा विवेक सिंह सोनू विकास बघेल विवेक दुबे आलोक कुमार सुयश अग्रवाल शिवम दुबे आनंद शर्मा आकाश गुप्ता इंदू सिंह श्वेता श्रीवास्तव संजोग सिंह शिल्पा तिवारी बबलू साहनी चंदन जायसवाल बिपिन ओझा जितेंद्र पटेल आकाश तिवारी संदीप साहनी सुमित मिश्रा एवं नगर के सैंकड़ों समाजसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शातिर गो-तस्कर गोवध के उपकरण सहित किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद के नेतृत्व मे थाना हैदराबाद पुलिस टीम रात्रि गस्त व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान छोटी नहर छत्तीपुर- जमुनहा मार्ग पर भ्रमणशील थी कि तभी तीन व्यक्ति गोवंशीय पशु (बछड़े) का वध करने के प्रयास में थे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेरने का प्रयास किया गया तो दो व्यक्ति अंधेरे व झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गये परन्तु एक शातिर गो-तस्कर अदनैन पुत्र हसनैन उर्फ हिकमत उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम भुड़वारा थाना गोला जनपद खीरी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा मौके से एक जिन्दा गोवंशीय पशु बछड़ा व गोवध उपकरण तथा अभियुक्त अदनैन उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व मौके से दो अदद मोटर साइकिल बरामद की गयी।

ट्रक चालक को बन्धक बनाकर लूट करने वाले दो शातिर अभियुक्तगण रोहनियां पुलिस द्वारा गिरफ्तार, लूट का 54 पेटी माल बरामद

प्रखर दानगंज वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी के लूट/ चोरी के मुकदमों के सफल अनावरण व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण मे, सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के कुशल निर्देशन में थाना रोहनियां पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 0092 / 2023 धारा 342/394/411/413/414 भा0द0वि0 थाना रोहनियाँ कमि० वाराणसी में पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तगण की निशांदेही पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. इमरान अंसारी पुत्र अख्तर अंसारी निवासी ग्राम कुदरा वार्ड सं0 8 थाना कुदरा जनपद कैमूर बिहार, 2. अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र ओम प्रकाश अग्रवाल निवासी म0नं0 216 वार्ड नं0 12 कुदरा थाना कुदरा कैमुर बिहार को दिनांक 07.04.2023 को कुदरा बाजार थाना कुदरा जनपद कैमूर (भभुआ), बिहार से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूट का 54 पेटी माल (45 पेटी शैम्पू व 9 पेटी लाइफब्वाय साबुन) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोहनियां पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।पूछताछ पर अभियुक्तगण ने बाताया कि हम लोगों ने संजय सिंह, हसीब खान व शौकत खाँ (पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तगण) से 170 पेटी शैम्पू - साबुन खरीदा था। जिसमें 60 पेटी इमरान ने लिया था। शेष 110 पेटी अनिल कुमार अग्रवाल ने कम दाम पर खरीदा था। 60 पेटी खरीदा माल के संबंध में पूछा गया तो इमरान ने बताया कि साहब 27 पेटी माल जिसमें 25 पेटी शैम्पू CLPA11B, CKBF2R5 व 2 पेटी लाइफ ब्वाय साबुन LBRA3R09 हमारे दुकान में है। अन्य 33 पेटी बेच दिया है। अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि 110 पेटी मैने शाबुन व शैम्पू कम दाम पर खरीदा था जिसमें से 83 पेटी शैम्पू - साबुन बेच दिया हूँ शेष 27 पेटी मेरे पास बचा है।

मानवता की निरंतर सेवा में ब्रेथ ईजी के 15 वर्ष पूर्ण ब्रेथ ईजी ने मनायी नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला से उत्कृष्ट सफलता की 15वीं वर्षगांठ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल अस्सी वाराणसी के 15वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 8 अप्रैल 2023 शनिवार को एक निःशुल्क विशाल चिकित्सा स्वास्थ मेला का आयोजन ब्रेथ ईजी अस्पताल अस्सी पर किया गया जिसमें की निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए 418 मरीजो का स्वास्थ परिक्षण किया गया 51 ब्राह्मण छात्र (बटुक) भी शामिल थे` स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलन करके ऊ.प्र सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ,श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक पं.श्रीकांत मिश्रा , पद्मश्री पंडित शिवनाथ मिश्र एवं ब्रेथ इजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ.एस.के पाठक तथा ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक ने संयुक्त रूप से किया` दीप प्रज्वलन के पश्चात उपरोक्त मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से ब्रेथ ईजी द्वारा प्रकाशित बी.ई टाइम्स नामक पत्रिका का संस्करण संख्या 151 का विमोचन किया ब्रेथ ईजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी द्वारा चिकित्सको के लिए चिकित्सा क्षेत्र में हुए नए पद्दितियों के बारे में एवं समाज को उसके बीमारी के अवधारणाओं से मुक्त कराने हेतु बी.ई टाइम्स नामक त्रैमासिक पत्रिका निकाली जाती हैं जिसका एकमात्र उद्देश्य स्वस्थ्य भारत निर्माण में एक नयी सोच को जगाना हैं इस चिकित्सा शिविर में मरीजों का कंप्यूटर मशीन द्वारा फेफड़े की जाँच, रक्त में ऑक्सीजन मात्रा की जाँच, ब्लड शुगर , ब्लड प्रेशर की जाँच, चेस्ट एक्सरे आदि की जाँच की गयी क चिकित्सा शिविर में आए सभी मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण के साथ-साथ खान-पान का भी इंतजाम ब्रेथ ईजी प्रबंधन द्वारा किया गया` इस अवसर पर डॉ. एस.के पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी अस्पताल पूर्वांचल का एक

मात्र अग्रणी चेस्ट केयर अस्पताल बन गया है जहाँ पर मरीजो का कम समय व कम खर्च में जाँच, ईलाज व भर्ती की उत्कृष्ट सुविधा मिल जाती है ब्रेथ ईजी समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली, कैंप करके लोगो को श्वास रोगों के प्रति सजग कराता रहता है जो एक स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी में अब तक 1.5 लाख से भी ज्यादा मरीजों का उपचार किया 50000 से ज्यादा मरीजों की जान बचायी गयी हैं जो कि गंभीर श्वांस की बीमारी से ग्रसित थे हजारों स्वास्थ जन जागुरूकता रैली भी निकाली गयी विगत 15वर्षो में ग्रामीण, कस्बों,एवं शहरी क्षेत्र में 3000 से ज्यादा निःशुल्क स्वास्थ कैंप लगाए गए आम नागरिकों स्वस्थ लाभ पहुंचाया गया` ब्रेथ ईजी द्वारा विगत 15 वर्षों में अब तक 50000 से अधिक जनरल प्रेक्टिसनर व स्वास्थ कर्मियों को विभिन्न मेडिकल सेमिनार द्वारा प्रशिक्षित किया जो दमा, टी.बी, एलर्जी आदि बीमारी का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है` आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र जी ने बताया ब्रेथ ईजी द्वारा समय-समय पर विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन एवं स्वास्थ जागरूकता रैली किया जाता रहा है चिकित्सा क्षेत्र में इस उलेखनीय योगदान के लिए ब्रेथ ईजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के पाठक को शुभकामना देता हूँ डॉ पाठक एक कुशल चिकित्सक के साथ-साथ एक समाज सेवक भी हैं जो समय-समय पर गरीब एवं असहाय मरीजों की सेवा करते रहते हैं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक पं. श्रीकांत मिश्रा ने बताया की ब्रेथ ईजी के उत्कृष्ट 15 वर्ष पुरे होने पर डॉ. एस.के पाठक को बधाई देता हूँ और उनकी मुहीम स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत को शुभकामना देता हूँ पद्मश्री पंडित शिवनाथ मिश्र ने बताया ब्रेथ ईजी पूर्वांचल का एक मात्र उत्कृष्ट टीबी, चेस्ट ,एलर्जी केयर हॉस्पिटल है जहां पर चेस्ट रोग का सटीक जांच ईलाज कम समय में हो जाता है ब्रेथ ईजी का मानना हैं कि कम समय में सटीक जांच व इलाज मरीज मरीजों को पैसे की बचत के साथ समय की भी बचत हो जाता है इसके लिए डॉ. पाठक एवं ब्रेथ ईजी टीम का सतत प्रयास करता रहता हैं` ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक ने बताया कि ब्रेथ ईजी, विगत 15 वर्षो में स्वास्थ सम्बंधित रोगों के बचाव व उपचार के लिए पूर्वांचल में एक स्तभ बिंदु बन गया है जहा पर गंभीर स्वास के मरीज, एलर्जी व टी.बी. के मरीज का इलाज कम समय व कम खर्च में संभव हो जाता है ब्रेथ ईजी मे अब प्रतक शुक्र को मरीजों को निः शुल्क ओपीडी की भी सुविधा दी जा रही है` डॉ. पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी का गठन समाज को जागरूक करने के लिए किया गया हैं यह संस्था गाँव व आस-पास के क्षेत्र के हर उस वर्ग के लोगो को चिकित्सकीय सहायता करता है जिसे उसकी जरूरत हैं ताकि हम एक स्वस्थ्य भारत के निर्माण में अपनी मुख्य भूमिका निभा सके।

संक्षिप्त खबरें

गाजीपुर के लाल ने किया जिले का नाम रोशन

प्रखर ब्यूरो। गाजीपुर जनपद के विकासखंड करंडा अंतर्गत बक्सां गांव निवासी स्व.फौजदारी सिंह यादव के सुपौत्र विपिन कुमार यादव का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में पीसीएस अधिकारी के पद पर चयनित होकर जिले एवं गांव का नाम रोशन किया है आर्मी सूबेदार सिरबल सिंह यादव एवं सुनीता यादव के सुपुत्र विपिन कुमार यादव शुरू से ही मेधावी रहे हैं इनकी स्कूल की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ से हुई , स्कूली शिक्षा से ही इन्होंने हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त किया इन्होंने बीटेक की डिग्री पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से लिया। बीटेक करने के बाद विदेश की कंपनियों से भी नौकरी का ऑफर आया परंतु शुरू से ही इनकी रूचि प्रशासनिक अधिकारी बनने की थी इन्होंने प्रथम प्रयास में ही लोक सेवा आयोग में सफलता प्राप्त की चयन की जानकारी मिलते ही इनके लखनऊ स्थित आवास एवं गृह जनपद बक्सा गाजीपुर मे लोगों का बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिग्नस लक्ष्मी हास्पिटल में हुआ सेहत संवाद कार्यक्रम

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोडवेज स्थित सिग्नस लक्ष्मी हास्पिटल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेहत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों की सहभागिता रही। सेहत संवाद कार्यक्रम के तहत रोगों की पहचान, निदान और चिकित्सा की विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से चर्चा की गयी` कार्यक्रम मे सिग्नस लक्ष्मी हास्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. भूपेन्द्र वर्मा द्वारा हृदयरोग से बचाव के संदर्भ मे आवश्यक ग्यारह बिंदुओं पर चर्चा की गई` वहीं उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया कार्यक्रम का संचालन सिग्नंस लक्ष्मी हास्पिटल के ए.जी.एम. सेल्स & मार्केटिंग)संभ्रान्त कुमार द्वारा किया गया तथा इस कार्यक्रम मे डा. प्रीती, डा० शिखा एवं आहार विशेषज्ञ प्रियंका जी भी उपस्थिति रही` वहीं कार्यक्रम के अंत में शहर की प्रमुख स्वयंसेवी संस्थाओं की महिला पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से सुष्मिता सेठ ,रिचा जी , सारिका जी समेत दर्जनों महिलाओं को किया गया सम्मानित।

मैजिक कार की टक्कर में 250 चूजों की मौत

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के गोमती पुल के समीप कार की टक्कर से मैजिक पलटा ड्राइवर घायल ढाई सौ मुर्गी के चूजो की मौत मैजिक रामनगर वाराणसी के पोल्ट्री फार्म से मुर्गी के चूजो को लेकर बस्ती जा रहा था। गोमती पुल के समीप सुबह तड़के कार की टक्कर से मैजिक पलटा जिसमें ढाई सौ चीजों की मौत हो गई वही ड्राइवर आशीष विश्वकर्मा पुत्र ओमप्रकाश लतारा वाराणसी घायल हो गया जिसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु भेजा गया जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है।

अग्नि वीर हनुमान मन्दिर पर भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

नगरा, बलिया। नगर पंचायत के चचयां स्थित नवनिर्मित अग्नि वीर हनुमान मन्दिर पर हनुमान जयंती के सुअवसर पर गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सायंकाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तो एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जयंती के अवसर पर अग्नि वीर हनुमान मन्दिर पर प्रातः काल वैदिक विद्वानों के सानिध्य में विधि विधान के साथ हनुमान जी का पूजन हवन सम्पन्न हुआ तत्पश्चात भजन कीर्तन तथा सायंकाल भव्य भंडारे में नगर सहित अन्य गावो में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यों के संचालन के लिए अग्नि वीर संकट मोचन सेवा संस्थान की नीव रखी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगरा खंड के कार्यवाह बृजेश, नगर प्रचारक पंकज, हियुवा नेता राजीव कुमार सिंह चंदेल, देवेन्द्र सिंह, सचिन, अशोक सिंह, सन्नी, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

रमजान माह में जुमे की नमाज में अमन-चैन व खुशहाली की हुई दुआ

हरदोई। रमजान माह के जुमे को लेकर संडीला मस्जिदों में रमजान-उल-मुबारक के जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। अकीदतमंदों ने अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज से पूर्व इमामों ने संबोधित करते हुए रमजान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों पर संडीला कोतवाल दिलेश कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ गश्त की। जुमे की नमाज सकुशल निपटाई जाए, इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए अलर्ट जारी किया । कोई भी नमाज सड़क या सार्वजनिक स्थान पर अदा न करें, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। नमाज के दौरान मस्जिदों के पास पुलिस तैनात रही।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के पात्र लाभार्थियों को चाबी प्रदान की गई

बलिया। हनुमान जयंती के अवसर पर नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग की परियोजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी ने किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के पात्र लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान कर बधाई दी। जिसके क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, धर्मेंद्र सिंह, समाजसेवी अजय कुमार गुप्ता, हनुमानगंज की ब्लाक प्रमुख उषा देवी की गरिमामय उपस्थिति में अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों व लाभार्थियों ने कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना। मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन के पश्चात जनप्रनिधियों और जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के पात्र लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान कर बधाई दी गयी। लाभार्थियों में नीलम देवी, शांति देवी, लीलावती देवी, शांति देवी, संजू देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, चंद्रमा प्रसाद मैनुद्दीन अहमद अंसारी और सीता देवी शामिल थी।

विजय और लोकेश की 'लियो' ने रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

चेन्नई। साउथ सुपरस्टार विजय की फिल्म 'लियो' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसका निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। विजय और कनगराज इससे पहले एक साथ 'मास्टर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके हैं। वहीं, अब उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लियो' इस साल अक्तूबर में रिलीज होने के लिए तैयार है। रिलीज से पहले ही यह फिल्म 400 करोड़ रुपये से अधिक का बिजनेस कर चुकी है, जिसे देखकर कहा जा रहा है कि फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होगी। विजय की 'लियो' में तृषा कृष्णन, संजय दत्त, अर्जुन और प्रिया आनंद भी अहम भूमिकाओं में हैं। विजय की 67वीं फिल्म होने के कारण 'लियो' को पहले अस्थायी रूप से 'थलपति 67' शीर्षक दिया गया था और इसका आधिकारिक शीर्षक पिछले महीने ही सामने आया था।

लाइफ Style

अदिति राव हैदरी खुलासा कर बटोरी सुर्खियां

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी की गिनती इंडस्ट्री की दमदार एक्ट्रेसस में होती है। उन्होंने साल 2007 में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तमिल पीरियड ड्रामा फिल्म 'श्रृंगारम' के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद एक्ट्रेस 'ये साली जिंदगी', 'वजीर' और 'अजीब दास्तान' जैसी हिट फिल्में की। हालांकि, एक्ट्रेस ने अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। अदिति ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपने फिल्मी करियर को लेकर बात की है।

मुंबई। एक मीडिया संस्थान को दिए गए इंटरव्यू में उन्होंने अपने करियर के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा, 'मैं 'संघर्ष' शब्द का उपयोग नहीं करना चाहती। एक कलाकार होने का एक हिस्सा यह जानना है कि इसमें उतार-चढ़ाव होने वाले हैं। विचार विश्वास करने और सपने देखने और विश्वास करने में सक्षम होने का है। कि वे सपने सच होंगे। इसके लिए हौसले और एक तरह की स्थिरता की जरूरत होती है।' अदिति ने यह भी कहा कि उन्हें लोग कम आकते हैं लोगों ने उनसे कहा, ₹अदिति, अगर मैं फू करूंगा, तो तुम उड़ जाओगी, और अगर हम तुम्हें छूएंगे, तो तुम टूट जाओगी।₹ उन्होंने सभी पक्षों से प्राप्त अवांछित सलाह के बारे में भी बात की और कहा, ₹मुझे पता है कि कभी-कभी हम एक निश्चित तरीके से आगे बढ़ते हैं और भ्रमित होते हैं और लोग बहुत सारी सलाह देते हैं। और बस सपने देखते रहो। मैं कहूंगा, यही वह है जिसे मैं धारण करता हूं और उसकी रक्षा करता हूं। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मेरे आसपास ऐसे लोग हैं जो मुझमें उसकी रक्षा भी करते हैं।' वर्क फ्रंट की बात करें तो अदिति हाल ही में 'ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड' के साथ ओटीटी पर राज कर रही हैं, इस में उन्होंने अनारकली की भूमिका निभाई हैं। इसके अलावा वह जल्द ही विक्रमादित्य मोटवाने की एक और वेब-सीरीज 'जुबली' में नजर आएंगी। 'जुबली' सात अप्रैल को ओटीटी पर रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला

शादी के 12 साल बाद अलग होगें जिम टोथ और रीज

न्यूयार्क। 'बिग लिटिल लाइज' एक्ट्रेस रीज विदरस्पून ने शादी के 11 साल बाद अपने पति से अलग होने का फैसला लिया है। पिछले हफ्ते एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, शेयर की गई तस्वीरों में उनकी रिंग फिंगर से शादी की रिंग गायब थी। इतना ही नहीं एक्ट्रेस को एक इवेंट में भी स्पॉट किया गया है। इस दौरान भी एक्ट्रेस की उंगली खाली दिखाई दी। वहीं, जब इस बारे में उनसे पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कुछ भी कहने से साफ मना कर दिया। रीज विदरस्पून ने कहा कि यह उनका पर्सनल मामला है और वह इस मामले में कोई भी बात नहीं करना चाहती हैं।

हॉलीवुड एक्ट्रेस जैंडाया पर चढ़ा भारतीय रंग, 'मुन्नी बदनाम' पर जमकर थिरकी

मुंबई। हॉलीवुड एक्ट्रेस जैंडाया ने हाल ही में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' के इवेंट में शामिल हुई थीं। अभिनेत्री के फोटोज वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे और अब इसी बीच मुन्नी बदनाम गाने पर उनका एक वीडियो सामने आया है। बता दें कि पिछले महीने 31 मार्च अंबानी परिवार के लिए बेहद खास रहा है। हाल ही में हुए नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर ने पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरी। इस इवेंट में हॉलीवुड एक्ट्रेस जैंडाया के लुक ने हर किसी का ध्यान खींचा। एक्ट्रेस जैंडाया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देसी सॉन्ग में विदेशी एक्ट्रेस के डांस को देखकर फैंस को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि बैकग्राउंड में सलमान खान स्टारर फिल्म 'दबंग' का गाना 'मुन्नी बदनाम' बज रहा है।



शाहरुख का बदला था नाम

मुंबई। शाहरुख खान और गौरी खान सिनेमाई सितारों की दुनिया में एक ऐसी जोड़ी हैं, जिसे देखकर हर किसी की आंख चमक उठती है। दोनों की शादी को 30 साल से अधकि वक्त बीत चुके हैं। आज भी दोनों के रिश्ते की मजबूती, परिवार को संभालने का हुनर और इन सब से आगे अपने-अपने क्षेत्र में नाम कमाने की लगन, दोनों को सबसे बेहतर और इस दुनिया में बेहतरीन बनाती है। लेकिन क्या आपको पता है कि अलग धर्म के कारण गौरी के माता-पिता इस शादी के लिए शुरुआत में राजी नहीं थे। इतना ही नहीं, तब गौरी ने पैरेंट्स के सामने शाहरुख का नाम बदलकर अभनिव बताया था, ताकि वह उन्हें हिंदू लड़का समझें। गौरी ने खुद यह खुलासा साल 2008 में एक इंटरव्यू में किया था। हालांकि, वह यह भी कहती हैं कि यह बड़ी बचकानी हरकत थी। गौरी खान और शाहरुख ने साल 1991 में शादी की थी। तब गौरी की उम्र 21 साल थी और शाहरुख की 26 साल। गौरी ने शो 'फर्स्ट लेडीज' में अबू जानी और संदीप खोसला को बताया, 'हम तब बहुत ही कम उम्र के थे और ऐसे में शादी करने का फैसला लेना और वो भी एक ऐसे लड़के से जो फिल्मों में काम करने जा रहा है, और तो और वो एक अलग धर्म से है।



'कुछ पहलुओं पर सवाल उठाना है जरूरी...', दिया मिर्जा का बड़ा बयान

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में आ जाती हैं। अभिनेत्री दीया अपनी खूबसूरती ही नहीं बल्कि अपने बेबाक बयानों को लेकर भी अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। दीया किसी भी विषय पर अपनी बात रखने से पीछे नहीं हटती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। दीया ने अपनी पहली फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' पर अपनी राय रखी है। एक्ट्रेस ने कबूल किया कि फिल्म में कुछ चीजों को गलत तरीके से दिखाया गया है। इस फिल्म में मैडी के किरदार को दिखाया गया है, जो रीना नाम की लड़की को लुभाने के लिए किसी और के होने का नाटक करता है, जो सैम से शादी करने का फैसला करती है। फिल्म में मैडी प्यार के गलत उदाहरण को पेश करता है। अब दीया ने अपने हालिया इंटरव्यू में इसपर रिएक्शन दिया है और कहा है, अगर आज वह फिल्म मुझे ऑफर की गई है होती तो मैं फिल्म के कुछ पहलुओं पर जरूर सवाल उठाऊंगी और उम्मीद करती कि लेखक इसे बदल देंगे।

टीवी मसाला

अनुपमा-अनुज के बीच की दरार भा रही दर्शकों को !

नई दिल्ली। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल यानी बार्क इंडिया ने हमेशा की तरह इस वीक की टीआरपी जारी कर दी है। अब जब 13वें हफ्ते की टीआरपी रेटिंग आ गई है, तो सवाल उठता है कि आखिर कौन सा सीरियल इस हफ्ते किस नंबर पर रहा। इस बार की टीआरपी लिस्ट देखें तो एक बार फिर अनुपमा सबसे आगे है जबकि बाकी सारे शो लिस्ट में ऊपर नीचे हो गए हैं।

अनुपमा

स्टार प्लस का शो अनुपमा जब से शुरू हुआ है, तभी से इसने लिस्ट में टॉप पर अपना कब्जा जमाया हुआ है। रूपाली गांगुली उर्फ अनुपमा की जिंदगी में आते में तूफान हर किसी को पसंद आते हैं। इस समय शो में अनुज और अनुपमा के बीच आई दरार का ट्रैक चल रहा है, जो शो को एक नया मोड़ देने का काम कर रहा है।

गुम है किसी के प्यार में

पिछले हफ्ते की तरह ही इस बार भी टीआरपी लिस्ट में गुम है किसी के प्यार में ने दूसरे नंबर पर अपना दबदबा कायम रखा है। सई और विराट की जिंदगी में सत्या नाम का आया तूफान दर्शकों की शो में दिलचस्पी बढ़ा रहा है।

ये रिश्ता क्या कहलाता है

स्टार प्लस के शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में चल रही कहानी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। शो में नए नए ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिल रहे हैं। अक्षरा और अभिमन्यु के बीच की दूरियां जहां एक तरफ मिटती दिख रही हैं, वहीं दूसरी तरफ फैंस शो में गणगौर के त्योहार के ट्रैक के लिए उत्साहित हैं।

फाल्तू

इस शो ने लिस्ट में चौथा स्थान हासिल किया है। इस शो के मेकर्स पिछले काफी समय से दर्शकों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे करने में वो इस हफ्ते सफल रहे हैं। शो ने पांचवें स्थान से ऊपर बढ़कर इस हफ्ते चौथी पोजीशन हासिल की है। फाल्तू और अयान की केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है।

इमली

अथर्व और इमली की कहानी दिखाने वाले इस शो को टीआरपी लिस्ट में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। इस हफ्ते ये सीरियल पांचवें नंबर पर हैं।

सलमान ने विदेश से मंगाई बुलेटप्रूफ गाड़ी, सोशल मीडिया पर छा गई

मुंबई। बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान पिछले दिनों अपनी सुरक्षा को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे थे। लगातार मिल रही धमकियों के बीच 'किसी का भाई किसी की जान' एक्टर सलमान खान ने नई बुलेटप्रूफ कार खरीदी है। गौरतलब है कि यह गाड़ी इंडियन मार्केट में लॉन्च भी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि सलमान खान की ओर से ये फैसला तमाम सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया है। सलमान को पिछले काफी दिनों से धमकी भरे लेटर आ रहे थे, जिसके बाद भाईजान ने यह बड़ा फैसला लिया है। सलमान पिछले काफी समय से अपनी सुरक्षा को लेकर अनेक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने यह कदम खुद के लिए उठाया है और अपने फैंस को यह खुशखबरी दी है। सलमान के इस फैसले से उनके फैंस काफी खुश हैं और सोशल मीडिया पर अपने पसंदीदा स्टार को खूब बधाईयां दे रहे हैं।

अभिनेता ने अपनी नई गाड़ी को विदेश से इम्पोर्ट किया है। इस गाड़ी का नाम निसान पेट्रोल एसयूवी है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह गाड़ी फिलहाल भारतीय बाजार में उपलब्ध नहीं है। इस गाड़ी को साउथ एशिया बाजारी में सबसे लोकप्रिय और मंहगी गाड़ियों में से एक एसयूवी को माना जाता है। यही नहीं, यह गाड़ी सुरक्षा के नजर से भी काफी खास मानी जा रही है। बता दें कि भाईजान की नई सफेद गाड़ी का खुलासा तब हुआ जब वह हालिया एक कार्यक्रम में इस चमचमाती गाड़ी में पहुंचे। अभी तक इस गाड़ी की कीमत को लेकर कोई खास अंदाजा नहीं लगया गया क्योंकि यह गाड़ी अभी तक भारत में उपलब्ध नहीं है।

अभिनेत्रियों ने फीस के मामले में हीरो को छोड़ा पीछे

मुंबई। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में हीरो और हीरोइनों की फीस में जमीन आसमान का फर्क होता है। आमतौर पर देखा जाता है कि किसी फिल्म के लिए अभिनेताओं को ज्यादा पैसे दिए जाते हैं। वहीं अभिनेत्रियों एक्टिंग के लिए काफी कम मेहनताना मिलता है। लेकिन इंडस्ट्री में कई मौके ऐसे भी आए हैं जब एक्ट्रेस ने अभिनताओं से ज्यादा फीस चार्ज की है। आइए आपको लिस्ट के जरिए उनके बारे में बताते हैं।

माधुरी दीक्षित

इस लिस्ट में पहले नंबर पर माधुरी दीक्षित हैं। 90 के दशक में अभिनेत्री का जलवा देखने लायक था। उस दौर में हर बड़ा फिल्म निर्माता उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहता था। आपको जानकर हैरानी होगी कि हम आपके है कौन के लिए माधुरी को सलमान खान से ज्यादा पैसे मिले थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उस समय एक्ट्रेस को अभिनेता से पांच गुना ज्यादा फीस मिली थी।

दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं। अब तक वह कई सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिल्म पद्मावत में काम करने के लिए दीपिका ने मोटी फीस वसूल की थी। जानकारी के मुताबिक उन्हें इस रोल के लिए 13 करोड़ रुपये दिए गए थे, जबकि शाहिद और रणवीर को उनसे कम पैसे दिए गए थे।

भाग्यश्री

भाग्यश्री ने बहुत कम बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। साल 1989 में आई मैंने प्यार किया से उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी। सूरज बड़जात्या की इस फिल्म में काम करने के लिए उन्हें सलमान खान से ज्यादा पैसे मिले थे। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म के लिए भाग्यश्री को एक लाख रुपये मिले थे, जबकि सलमान को महज 31 हजार रुपये दिए गए थे।

आलिया भट्ट

बॉलीवुड की सबसे टैलेंटेड अभिनेत्रियों में आलिया भट्ट का नाम भी शामिल किया जाता है। अभिनेत्री ने अब तक कई फिल्मों से अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। एक्टर से ज्यादा फीस लेने के मामले में उनका नाम भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक आलिया ने फिल्म राजी के लिए विक्की कौशल से ज्यादा पैसे चार्ज किए थे। मेघना गुलजार की इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को 10 करोड़ मिले थे। वहीं, विक्की को तीन-चार करोड़ से संतोष करना पड़ा था।

सदाबहार अभिनेता जितेंद्र हुए 81 बरस के, आज भी कायम है जवानों जैसी फुर्ती

कभी हेमा से शादी करने जा रहे थे जितेन्द्र, फिर शोभा के साथ बसाई गृहस्थी

मुंबई। बॉलीवुड के सदाबहार एक्टर जितेंद्र ने 7 अप्रैल को अपना जन्मदिन मनाया। अभिनेता इंडस्ट्री में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। जितेंद्र का फिल्मी करियर काफी सफल रहा। जंपिंग जैक के नाम से मशहूर एक्टर ने बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में काम किया है। अमृतसर में 7 अप्रैल सन 1942 को अमरनाथ व कृष्णा कपूर के घर जन्में जन्मे रवि कपूर को फिल्मी दुनिया में जितेंद्र नाम से शोहरत मिली। उन्हें बचपन से ही फिल्मों का शौक था। रील लाइफ के हीरो जितेन्द्र रियल लाइफ में भी हीरो थे। एक्टर का नाम इंडस्ट्री की कई जानी-मानी अभिनेत्रियों के साथ जुड़ा।

जितेन्द्र के पिता आर्टिफिशियल ज्वैलेरी बनाने का काम करते थे। इसके साथ ही उनकी फिल्म निर्माता और निर्देशन वी शांताराम से जान-पहचान भी थी। जितेन्द्र के पिता एक्टिंग के लिए बचपन से उनके जुनून को देखते हुए वी शांताराम से उन्हें फिल्मों में काम देने की सिफारिश करते थे, जिसके बाद उनकी मुलाकात जितेंद्र से हुई और उन्होंने उन्हें फिल्म में एक छोटा सा रोल ऑफर किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए एक्टर ने पांच का लंबा संघर्ष किया।

कई साल की मेहनत के बाद जितेंद्र को फिल्म 'नवरंग' में लीड रोल प्ले करने का मौका मिला। फिल्म में उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया, जिसके बाद एक्टर ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक कई बड़ी फिल्में कीं। अपने करियर में उन्होंने लगभग 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'हिम्मतवाला', 'फर्ज' ,'हमजोली' ,'प्रियतमा' ,'धरम वीर','तोहफा' जैसी फिल्में शामिल हैं। एक्टर की पर्सनल लाइफ से संबंधित एक किस्सा काफी मशहूर है। बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल यानी हेमा मालिनी के लाखों दीवाने हैं, जिनमें जितेन्द्र का नाम भी शामिल है।

जितेन्द्र को पाने शोभा ने छोड़ी थी नौकरी

हेमा मालिनी के दीवानों की लिस्ट में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र भी शामिल हैं। जितेंद्र, हेमा मालिनी को लेकर चेन्नई चले गए थे और वहां उनसे शादी करना चाहते थे, लेकिन इस बीच शादी को रोकने के लिए धर्मेंद्र, जितेंद्र की गर्लफ्रेंड शोभा को लेकर वहां पहुंचे और इस शादी को रुकवा दिया। शोभा उनसे 14 साल की उम्र से प्यार करती थीं। शोभा ब्रिटिश एयरवेज में काम करती थीं, जिसकी वजह से दोनों मुश्किल से मिल पाते थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 अक्तूबर 1974 को जितेंद्र और शोभा कपूर ने शादी कर ली। जितेंद्र से शादी करने के लिए शोभा कपूर ने अपनी जॉब तक छोड़ दी थी।

खबर संक्षेप

अदाणी विल्मर की 2022-23 में बिक्री 14 फीसदी बढ़ी



नई दिल्ली। अदाणी समूह की खाद्य तेल और अन्य खाद्य कारोबार से जुड़ी कंपनी अदाणी विल्मर ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 में उसकी बिक्री करीब 14 प्रतिशत बढ़ने से उसका राजस्व 55,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। अदाणी विल्मर की एक साल पहले कुल आय 54,327.16 करोड़ रुपये रही थी।

आरबीआई ने महिंद्रा सर्विसेज पर लगाया जुर्माना



मुंबई। आरबीआई ने ऋण स्वीकृत करते समय ब्याज दरों के खुलासे संबंधी नियमों का पालन नहीं करने के मामले में महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड पर 6.77 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अपने ग्राहक को जानिए' (केवाईसी) के कुछ मानदंडों का उल्लंघन करने पर इंडियन बैंक पर 55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

गुड फ्राइडे के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे

मुंबई। 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार और विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहें। दोनों ही बाजार में किसी तरह की कोई गतिविधि देखने नहीं मिली। शेयर बाजार अब दो दिनों बाद सोमवार 3 अप्रैल को खुलेगा।

पीएम गति शक्ति के परियोजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली। पीएम गति शक्ति पहल के तहत नेटवर्क नियोजन समूह (एनपीजी) ने रेलवे से संबंधित चार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सरकार ने अक्टूबर 2021 में लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए एकीकृत और नियोजित बुनियादी ढांचा तैयार करने के लक्ष्य के साथ पीएम गति शक्ति- राष्ट्रीय मास्टर प्लान शुरू की थी।

अदाणी पावर की झारखंड स्थित 800 मेगावॉट की इकाई चालू

नई दिल्ली। अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने झारखंड स्थित तापीय बिजली घर में 800 मेगावॉट की इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। अदाणी समूह की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि 1,600 मेगावॉट क्षमता की दूसरी इकाई भी पूरी होने वाली है और इसके जल्द चालू होने की उम्मीद है।

कल्याणी फोर्ज के सीएफओ पात्रा ने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा और उपकरण क्षेत्र की कंपनी कल्याणी फोर्ज के मुख्य वित्तीय अधिकारी लक्ष्मी नारायण पात्रा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इनका इस्तीफा छह अप्रैल, 2023 से लागू हो गया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में कहा, लक्ष्मी नारायण पात्रा ने इस्तीफा के पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। यह परिवहन, विनिर्माण, विद्युत उत्पादन, मरीन, रेलवे और औद्योगिक सामग्री जैसे उद्योगों में ग्राहकों के लिए मशीनी और असेंबल किए गए उत्पाद बनाती है।

एसबीआई कार्ड का यूजर्स को तगड़ा झटका, अगले महीने से नहीं मिलेगी लाउंज सर्विस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एसबीआई कार्ड यूजर्स को जोर का झटका लगने वाला है। एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज ने कैशबैक एसबीआई कार्ड पर कॉम्प्लिमेंट्रीडोमेस्टिक एयरपोर्ट लाउंज बेनेफिट्स को बंद करने का फैसला किया है। क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली कंपनी एसबीआई कार्ड का यह फैसला अगले महीने 1 मई से लागू होगा।

- देश के 21 एयरपोर्ट्स पर 42 लाउंज के साथ टाई-अप है

कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक इसके देश के 21 एयरपोर्ट्स पर 42 लाउंज के साथ टाई-अप है। अब अगले महीने से इन लाउंज पर कैशबैक एसबीआई कार्ड यूजर्स एक्सेस नहीं कर सकेंगे। दिसंबर 2022 तिमाही के आंकड़ों के मुताबिक इसने कुल मिलाकर 1.5 करोड़ से अधिक कार्ड जारी किए हैं।

कॉम्प्लिमेंट्री डोमेस्टिक एयरपोर्ट लाउंज बेनेफिट्स को बंद करने का फैसला

डिस्काउंट पर भी लगा ग्रहण

कुछ ग्राहकों के लिए लाउंज एक्सेस खत्म करने के अलावा कार्ड कंपनी एसबीआई कार्ड ने ऑनलाइन और ऑफलाइन खर्च पर अधिकतम कैशबैक की लिमिट 5 हजार रुपए करने का फैसला किया है। इसके अलावा ज्वैलरी, स्कूल और एजूकेशनल सर्विसेज, यूटिलिटीज, इंश्योरेंस सर्विसेज कार्ड्स, गिफ्ट्स, नॉवेल्टी और यादगार वस्तुओं की दुकानों, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस और रेलवेज की कैटेगरी में कैशबैक बेनेफिट्स खत्म होगा। कंपनी ने इन बदलावों की जानकारी दी।

नेट इंटरेस्ट मार्जिन 11.6 फीसदी पर आया

दिसंबर 2022 तिमाही में इसका नेट इंटरेस्ट मार्जिन (निम) 11.6 फीसदी पर आ गया जो रिकॉर्ड निचला स्तर है। हालांकि बाजार में इसकी हिस्सेदारी सालाना आधार पर 19.2 फीसदी से गिरकर और तिमाही आधार पर 19.1 फीसदी से बढ़कर दिसंबर 2022 तिमाही में 19.3 फीसदी पर रही। एसेट क्वालिटी की बात करें तो इसका ग्रॉस एनपीए बढ़कर 2.22 फीसदी और नेट एनपीए 0.8 फीसदी पर पहुंच गया।

एसबीआई कार्ड की गिरती जा रही सेहत

एसबीआई कार्ड एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है। यह इंडिविजुअल्स कार्डहोल्डर्स और कॉर्पोरेट क्लाइंट्स को क्रेडिट कार्ड से जुड़ी व्यापक सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के कारोबार की बात करें तो इसकी सेहत में लगातार गिरावट हो रही है। पिछली कुछ तिमाहियों से इसका रिवॉल्वर रेट जून 2021 तिमाही में 45 फीसदी से गिरकर दिसंबर 2022 तिमाही में 24 फीसदी पर आ गया। इस अवधि में इसका यील्ड भी 22.4 फीसदी से फिसलकर 16.4 फीसदी पर आ गया है।

सरकार ने मूल्य निर्धारण फॉर्मूले को किया संशोधित

गैस मूल्य निर्धारण की नई व्यवस्था से सीएनजी, पाइपगैस की कीमतें घटेंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण फॉर्मूले को संशोधित किया है, जिससे सीएनजी और पाइपलाइन से आने वाली रसोई गैस की कीमतों में 9-11 प्रतिशत की कटौती होगी। हालांकि विश्लेषकों ने कहा कि ईंधन को नियमन मुक्त किये जाने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिश को मान लिया है, जिसमें घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत को आयातित कच्चे तेल के मासिक औसत मूल्य के 10 प्रतिशत तक रखने की बात कही गई थी।

ऊपरी मूल्य सीमा 6.5 डॉलर प्रति इकाई तय

हालांकि, यह कीमत चार डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश ताप इकाई (एमएमबीटीयू) से कम नहीं होगी। इसके लिए ऊपरी मूल्य सीमा 6.5 डॉलर प्रति इकाई तय की गई है। इस फैसले से सरकार को अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले कीमतों को बढ़ने से रोकने में मदद मिलेगी।

सीएनजी व पीएनजी के दाम घटेंगे

क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि किरीट पारिख समिति की प्रमुख सिफारिशों को स्वीकार करने के साथ, वाहनों में इस्तेमाल होने वाली संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और पाइपलाइन से आने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की कीमतों में 9-11 प्रतिशत की कमी हो सकती है।

फैसले से सरकार को चुनाव के समय कीमतों को बढ़ने से रोकने में मदद मिलेगी

कीमतों में अधिक स्थिरता मिलेगी : क्रिसिल

क्रिसिल ने कहा कि संशोधित गैस मूल्य निर्धारण मानदंड ने शहरी गैस वितरकों को गैस की कीमतों में अधिक स्थिरता मिलेगी और वे वैकल्पिक ईंधन के साथ प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। अगस्त 2021 से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में उछाल के कारण सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में 80 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है।

दरों में दो साल तक बदलाव नहीं होगा

उद्योग के एक अधिकारी ने कहा, 'हमें नहीं पता कि नियमन से मुक्त किये जाने के मामले को स्थगित कर दिया गया है या अभी के लिए रोक दिया गया है।' मंत्रिमंडल ने फैसला किया कि दरों में दो साल तक बदलाव नहीं होगा और उसके बाद सालाना 0.25 अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी की जाएगी।

जीएसटी व्यवस्था के तहत लाने की सिफारिश : इससे पहले 2027 तक नियमन मुक्त करने के लिए हर साल 0.50 डॉलर प्रति यूनिट की बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव था। एक विश्लेषक ने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी चुनावी मुद्दा बन सकती थी। पारिख समिति ने यह सिफारिश भी की थी कि गैस को माल और सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के तहत लाना चाहिए।

- सीएनजी और पीएनजी में 9-11 फीसदी तक होगी कटौती
- ईंधन को नियमन मुक्त किए जाने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं

गैस कीमत अप्रैल के लिए 7.92 डॉलर प्रति यूनिट तय

सरकार ने शुक्रवार को नए मूल्य निर्धारण फॉर्मूले के तहत अप्रैल के बाकी दिनों के लिए प्राकृतिक गैस की कीमत 7.92 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू (दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट) तय की है। हालांकि, उपभोक्ताओं के लिए दरें 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू पर सीमित कर दी गई हैं। यह कीमत आयातित कच्चे तेल की औसत लागत के 10 प्रतिशत मूल्य के आधार पर तय की गई है।

आरबीआई का जीडीपी वृद्धि अनुमान आशावादी: नोमुरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जापानी ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का रिजर्व बैंक का अनुमान 'बहुत आशावादी' है और अक्टूबर से ब्याज दर में कटौती का सिलसिला शुरू हो सकता है। नोमुरा ने अपनी एक रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति संबंधी रिजर्व बैंक के पूर्वानुमान से सहमति जताते हुए कहा कि सकल मुद्रास्फीति का सबसे बुरा दौर अब पीछे छूट चुका है। हालांकि ब्रोकरेज फर्म ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का रिजर्व बैंक का संशोधित पूर्वानुमान बहुत आशावादी नजर आता है।'

- भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6 .5 फीसदी रहने का अनुमान

उसने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर के घटकर 5.3 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है। नोमुरा ने आरबीआई के वृद्धि पूर्वानुमान में एक प्रतिशत से ज्यादा की कमी आने की आशंका जताते हुए कमजोर वैश्विक वृद्धि, अनिश्चितता बढ़ने और घरेलू मौद्रिक नीति में सख्ती के प्रभावों को इसके लिए जिम्मेदार बताया है।

जून के बाद मुद्रास्फीति लक्ष्य से पीछे रहेगी

ब्रोकरेज कंपनी ने जून के बाद मुद्रास्फीति के लक्ष्य से थोड़ा पीछे रहने और वृद्धि पर उसका असर पड़ने की आशंका भी जताई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अक्टूबर से ब्याज दर में कटौती का सिलसिला शुरू हो सकता है।

सेबी ने चार संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूंजी बाजार के नियामक सेबी ने शुक्रवार को चार कंपनियों को स्वीकृति के बगैर निवेश परामर्श सेवाएं देने के लिए प्रतिभूति बाजारों से छह महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कोर्स वर्क फोकस और इसके मालिक शशांक हिरवानी, कैपिटल रिसर्च के मालिक गोपाल गुप्ता और कैपर्स के मालिक राहुल पटेल को छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार में भागीदारी करने से रोक दिया है।

दो अलग-अलग आदेशों में, सेबी ने अपनी पड़ताल में पाया कि ये कंपनियां निवेश सलाहकार के रूप में प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना अनाधिकृत निवेश सलाहकार सेवाओं में लगी हुई थीं। बा जा र नियामक के अनुसार, कोर्स वर्क फोकस और हिरवानी ने मार्च 2018 से जुलाई 2020 के दौरान सामूहिक रूप से निवेशकों से 96 लाख रुपये से अधिक जुटाएं थे।

- अनाधिकृत परामर्श सेवाएं देने का आरोप
- छह माह के लिए कारोबार से रोका

वहीं गुप्ता और पटेल ने मिलकर जून 2014 और नवंबर 2019 के बीच निवेशकों से 60.84 लाख रुपये एकत्र किए। सेबी ने बुधवार को पारित अपने अंतिम आदेश में कहा कि इस तरह के कार्यों से कंपनियों ने आईए (निवेश सलाहकार) नियमों का उल्लंघन किया है।

निवेशकों का पैसा वापस करने का निर्देश

सेबी ने अपने आदेश में, कंपनियों को तीन महीने के भीतर ऐसी सेवाओं के लिए भुगतान किया गया निवेशकों का पैसा वापस करने का निर्देश दिया है।

अमेरिका में मार्च में पैदा हुईं 2.36 लाख नई नौकरियां

वाशिंगटन। अमेरिका में नियोक्ताओं ने मार्च के महीने में 2.36 लाख नई नौकरियां दी जिसे श्रम बाजार में सुधार के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। शुक्रवार को जारी अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक मार्च में अमेरिकी कंपनियों एवं अन्य नियोक्ताओं ने कुल 2.36 लाख नौकरियां दी। हालांकि फरवरी में पैदा हुए 3.26 लाख नए रोजगार की तुलना में यह आंकड़ा कम है। इसके बावजूद पिछले महीने बेरोजगारी दर घटकर 3.5 प्रतिशत पर आ गई जो जनवरी में रही 3.4 प्रतिशत बेरोजगारी दर से अधिक दूर नहीं है। जनवरी में बेरोजगारी दर 53 वर्षों के निम्नतम स्तर पर रही थी। ब्याज दर में वृद्धि का सिलसिला जारी रहने के बावजूद अर्थव्यवस्था और रोजगार बाजार दोनों की हालत ठीक है।

रूफटॉप कैफे व रेस्टोरेंट सांगरिया उद्घाटित

रायपुर

रायपुर के बेबीलॉन टॉवर के नौवें फ्लोर पर खूबसूरत से कैफे का गुरुवार को उद्घाटन हुआ।

सांगरिया कैफे एक नए कांसेप्ट के रूप में अब राजधानीवासियों की शाम में चार चांद लगाने के लिए खुल चुका है। यह कैफे हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

यह एक रूफटॉप कैफे और रेस्टोरेंट है, जहां से आपको पूरे शहर का नजारा देखने को मिलेगा। यहां से सनसेट का नजारा बहुत खूबसूरत दिखता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने शिरकत की। कार्यक्रम में रिबन काटकर उन्होंने इस कैफे का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों ने व विजिटर्स ने इस कैफे की जमकर तारीफ की।

ओएनजीसी की त्रिपुरा इकाई का रिकॉर्ड गैस उत्पादन...

अगरतला। ओएनजीसी की त्रिपुरा इकाई से गैस उत्पादन वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक का सर्वाधिक 1.675 अरब घन मीटर (एमएमएससीएम) रहा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले त्रिपुरा में ओएनजीसी का सर्वाधिक गैस उत्पादन वित्त वर्ष 2020-21 में 1.634 अरब घन मीटर था। अधिकारी ने बताया, 'तेल और गैस का विस्तार एक जोखिम भरा काम है, जिसमें उत्पादन हमेशा प्रयास पर आधारित नहीं होता और मार्ग में प्रत्येक कदम पर प्रौद्योगिकी का दखल होता है। हमें खुशी है कि ओएनजीसी त्रिपुरा एसेट ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद इतना उत्पादन किया।'

बिजनेस साइट

26 हजार अभ्यर्थियों ने विजन के प्रीलिम्स टेस्ट में भाग लिया

रायपुर। देशभर के 26 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने विजन आईएएस द्वारा आयोजित वार्षिक अभ्यास प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज के टेस्ट1 में भाग लिया। यह टेस्ट लेह से लेकर कन्याकुमारी और जामनगर से लेकर कोहिमा तक 170 से अधिक शहरों में आयोजित किया गया था। इसमें सभी अभ्यर्थियों ने 28 मई 2023 को होने वाली आगामी यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारियों का मूल्यांकन करने, अपने ज्ञान, क्षमता और मेहनत को परखा। इस आयोजित अभ्यास प्रीलिम्स का उद्देश्य अभ्यर्थियों को यूपीएससी प्रीलिम्स जैसा माहौल प्रदान करना और यूपीएससी प्रीलिम्स के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों से रूबरू करवाना है। अभ्यास टेस्ट सीरीज के तहत आगामी टेस्ट 23 अप्रैल व 7 मई को निर्धारित किए गए है।

कंपनी ने इंजन में ई20 फ्यूल कंप्लायेंट दिया हुआ, कीमत 1.43 लाख

यामाहा ने भारतीय बाजार में उतारी 2023 एरोनेक्स 155

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टू-व्हीलर कंपनी यामाहा प्राइवेट लिमिटेड ने अपने स्पोर्ट्स स्कूटर 2023 एरोनेक्स 155 को भारतीय बाजार में उतार दिया है। इसकी दिल्ली में एक्स-शोरूम की शुरुआती कीमत 1.43 लाख रुपए तय की गई है। ये नया स्कूटर ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम भी एक फीचर के तौर पर दिया है। कंपनी ने इस स्पोर्ट्स स्कूटर में 155सीसी का इंजन भी दिया है। कंपनी ने इंजन में ई20 फ्यूल कंप्लायेंट दिया हुआ है। इसके अलावा स्कूटर में ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक्स सिस्टम भी दिया गया है। कंपनी ने एक बयान में इस बात की जानकारी दी है।

- इस स्पोर्ट्स स्कूटर में 155सीसी का इंजन दिया गया

यामाहा 2023 एरोनेक्स के 3 कलर वेरिएंट

ये बाइक 3 कलर वेरिएंट में मिलता है। इसमें आपको मैटालिक ब्लैक, रेसिंग ब्लू और ग्रे बर्मिलियन जैसे शामिल है। कंपनी ने स्कूटर के इंजन में कोई बदलाव नहीं किया है। यही इंजन आर15 में दिया गया है। इंजन 8000 आरपीएम पर 14.8 बीएचपी की पावर और 6500 आरपीएम पर 13.9 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है।

प्रीमियम टू-व्हीलर्स लॉन्च करने का किया ऐलान

इसके अलावा कंपनी ने अपने टू-व्हीलर्स के प्रीमियम रेंज के 2023 वेरिएंट्स को भी लॉन्च करने का ऐलान कर दिया है। इसमें आर155, एमटी-15 वी2 और आर15 वी4 जैसे प्रीमियम टू-व्हीलर्स शामिल हैं। इनकी कीमत 1.63 लाख रुपए से 1.86 लाख रुपए (एक्स-शोरूम कीमत) के बीच तय की गई है।

यामाहा 2023 एरोनेक्स के फीचर्स

इस बाइक में एलईडी हेडलाइट्स और एलईडी पोजिशनिंग लैम्प्स दिए गए हैं। बाइक में 14 इंच एलॉय व्हील्स दिए गए हैं। बाइक में 140 सेक्शन रियर टायर, टेलीस्कोपिक फॉर्क्स और ट्विन गैस चार्ज्ड शॉक एब्जॉर्बर दिया गया है।

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट में कल नामी सर्जन होंगे मौजूद

रायपुर। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मोवा में 9 अपैल को एशोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया छग चेप्टर का 21 वां एनुअल कांफ्रेस सीजी एसिकॉन 2023 का आयोजन होने जा रहा है। इस कान्फ्रेंस में छग के सर्जनों के अलावा मध्यप्रदेश, उडीसा, राजस्थान के लगभग 700 से अधिक सर्जनों के आने की संभावना है। साथ ही 90 वां अमासी स्किल कोर्स एवं एफ मॉस एग्जामिनेशन का भी आयोजन किया गया है, इस डिग्री कोर्स के लिए 170 डॉक्टरों ने पंजीयन कराया है। जिसमें सर्जन, गाइनेकोलोजिस्ट और पोस्ट ग्रेजुएशन के डॉक्टर्स भाग ले रहे हैं। नवंबर में 2 से 5 तक अमासी कोर्स का 18वां अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस 2023 का भी आयोजन श्रीबालाजी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस मोवा रायपुर में किया जाएगा।

आईपीएल : मुंबई इंडियंस के सामने आज चेन्नई सुपर किंग्स की चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोहित शर्मा की अगुवाई में मुंबई इंडियंस की टीम शनिवार को आईपीएल मुकाबले में जब अपने घरेलू मैदान पर चिर प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने सत्र के शुरुआती मुकाबले में मिली हार को पीछे छोड़ने की चुनौती होगी। मुंबई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने रविवार को आठ विकेट की करारी शिकस्त दी थी।

टीम लगभग एक सप्ताह के विश्राम के बाद तरोताजा महसूस कर रही होगी लेकिन चह अपने घरेलू मैदान पर जुनूनी प्रशंसकों के सामने धोनी के धुरंधरों का सामना करने को लेकर अतिरिक्त दबाव में होगी। धोनी ने हालांकि पिछले मैचों में नो बॉल से परेशान होकर टीम के गेंदबाजों को चेतावनी दी जिससे राजवर्धन हैंगरगेकर और तुषार देशपांडे जैसे युवा दबाव में होंगे।



फार्म में ऋतुराज का बल्ला

चेन्नई सुपर किंग्स के गायकवाड़ का बल्ले से जबरदस्त फॉर्म और कॉन्वे के साथ उनकी जोड़ी इस टीम का सबसे मजबूत पक्ष है। गायकवाड़ ने शुरुआती दोनों मैच में अर्धशतक जड़कर अपने बल्ले की ताकत दिखाई है। टीम को उम्मीद होगी कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अपनी लय को बनाए रखे। कॉन्वे लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अर्धशतक से चूक गए, लेकिन उन्होंने गायकवाड़ के साथ शतकीय साझेदारी कर लय में आने की घोषणा की। चेन्नई के पास मध्य क्रम में शिवम दुबे और मोईन अली जैसे दमखम वाले खिलाड़ी है। टीम के लिए अनुभवी अंबाती रायुडू और धोनी भी बल्ले से बड़े शॉट खेलने में सफल रहे हैं।

अंतिम एकादश में मगाला को मिल सकती है जगह

पांच बार की चैंपियन मुंबई के खिलाफ मैच में चेन्नई की जीत इस बात पर भी निर्भर करेगी कि मोईन अली और मिशेल सेंटनर जैसे स्पिनर कितने प्रभावी रहते हैं। टीम हालांकि अंतिम एकादश में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला को जगह देने पर विचार कर सकती है जो सटीक यॉर्कर डालने के लिए जाने जाते हैं। अंतिम एकादश में उनके आने से सेंटनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। मुंबई के कप्तान रोहित पर लोगों का ज्यादा ध्यान होगा। वह पिछले सत्र में बल्ले से करिश्मा करने में विफल रहे थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तेज शुरुआत की थी लेकिन अपनी पारी को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे।

राजस्थान और दिल्ली में दिखेगी रॉयल्स जंग

गुवाहाटी। बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैचों में हार का सामना करने वाले दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अगर जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में मार्क वुड और अलजारी जोसेफ जैसे गेंदबाजों ने पृथ्वी साव और सरफराज खान जैसे दिल्ली के बल्लेबाजों को दहशत में डाल दिया था। इन प्रतिभाशाली बल्लेबाजों का आत्मविश्वास अभी डिगा हुआ है और ऐसे में उनके लिए ट्रेंट बोल्ट, केएम आसिफ और जेसन होल्डर जैसे गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा राजस्थान के पास रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर है जो बारसपारा स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भी विरोधी टीम को परेशानी में डाल सकते हैं।

खबर संक्षेप

डेक्कन के खिलाफ बेंगलुरु का पलड़ा भारी

कोझिकोड। इंडियन सुपर लीग की उपविजेता बेंगलुरु एफसी की टीम शनिवार को सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में जब आई-लीग टीम श्रीनिधि डेक्कन के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश अपने लय को जारी रखने की होगी। करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की अगुवाई वाली इस टीम को आईएसएल फाइनल में एटीके मोहन बागान से हार का सामना करना पड़ा था। सुपर कप में उनके पास खिताबी सपना पूरा करने का शानदार मौका होगा। ग्रुप ए में दिन के दूसरे मुकाबले में आई-लीग चैम्पियन पंजाब किंग्स के सामने घरेलू टीम केरल ब्लास्टर्स की चुनौती होगी।

शीर्ष वरीय पेगुला ने बेगु को हराया

चार्ल्सटन। शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने लगातार 10 गेम गंवाए और अंतिम सेट में एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में तीसरे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने 15वीं वरीयता प्राप्त इरिना कैमिलिया बेगु को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 7-5, 4-6 , 6-4 से हराया। पाउला बडोसा ने एक अन्य मैच में डायना स्नायडर पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। ओन्स जाबेर ने कारोलिन डोलहाइड को 6-3, 7-5 से, कसातकिना ने बर्नार्डा पेरा को 6-3, 7-6 (3) से और बेनसिच ने शेल्बी रोजर्स को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया।

वुड्स की ऑगस्टा में निराशाजनक शुरुआत

ऑगस्टा। दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में 74 का कार्ड खेलकर निराशाजनक शुरुआत की जबकि जॉन रहम सहित तीन खिलाड़ियों ने पहले दौर में संयुक्त बढ़त बनाई। वुड्स का मास्टर्स में 2005 के बाद यह सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्होंने तब अगले तीन दौर में 65-66-71 का स्कोर बनाकर अच्छी वापसी की थी लेकिन उनका हालिया रिकॉर्ड बताता है कि उनके लिए इस बार वापसी करना मुश्किल होगा।

पुजारा ने ससेक्स के लिए जड़ा शतक

होव। भारत के सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप डिविजन टू में डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए शतक जड़ा। इस सत्र में ससेक्स के कप्तान पुजारा ने 134 गेंद में सैकड़ा जड़ा। एक समय पर स्कोर दो विकेट पर 44 रन था लेकिन पुजारा ने 163 गेंद में 115 रन बनाए और टॉम क्लार्क के साथ 112 रन की साझेदारी की। ससेक्स ने डरहम को 376 रन पर आउट कर दिया था।

क्रिकेट : पंड्या ने पहले झटके तीन विकेट और फिर बनाए 34 रन

क्रुणाल ने लखनऊ को दिलाई जीत हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

क्रुणाल पंड्या के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के मैच में पांच विकेट से हरा दिया। क्रुणाल ने पहले गेंदबाजी में शीर्षक्रम के तीन विकेट लिए और सनराजइर्स को आठ विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। जवाब में लखनऊ ने 24 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। क्रुणाल ने 23 गेंद में 34 रन बनाए और कप्तान केएल राहुल (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। मेजबान टीम ने 16 ओवर में पांच विकेट पर 127 रन बनाए।

राहुल ने 31 गेंद की पारी में चार चौके लगाए जबकि क्रुणाल ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। राहुल और रोमारियो शेफर्ड (0) लगातार दो गेंदों पर आउट हुए जिन्हें आदिल रशीद ने पवेलियन भेजा। सनराइजर्स के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में 13 रन दे डाले जिनमें पांच वाइड गेंदें थी। उन्होंने दूसरे ओवर में दीपक हुड्डा (सात) का रिटर्न कैच लपका। राहुल और कृणाल ने अगली 38 गेंद तक सनराइजर्स को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी। इससे पहले गेंदबाजी में क्रुणाल ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने मयंक अग्रवाल (आठ), अनमोलप्रीत सिंह (31) और कप्तान एडेन मार्कराम (0) को आउट किया।

ब्रेक में अपने खेल पर काफी मेहनत की थी

जीत के बाद 'प्लेयर आफ द मैच' पंड्या ने कहा, 'यह अच्छा दिन था और मैं विकेट लेकर तथा रन बनाकर बहुत खुश हूं। आज सब कुछ खास था। मुझे पता था कि कि सनराइजर्स टीम में दाहिने हाथ के कई बल्लेबाज हैं और मुझे जल्दी गेंदबाजी करनी होगी। इतनी स्पष्टता होने पर प्रदर्शन अच्छा होता ही है। पिछले चार या पांच महीने मैने क्रिकेट से ब्रेक लिया था। मैने अपने कौशल पर मेहनत की, खासकर अपनी गेंदबाजी और एक्शन पर। मैं अपनी बल्लेबाजी का भी मजा ले रहा हूं।'

स्कोर कार्ड

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
अनमोलप्रीत पगबाधा बो पंड्या	31	26	3	1
मयंक वा स्टोइनिस बो पंड्या	08	07	1	0
त्रिपाठी का मिश्रा बो यश	34	41	4	0
एडेन मार्कराम बो पंड्या	00	01	0	0
ब्रुक स्टं पूरन बो रवि बिश्नोई	03	04	0	0
सुंदर का हुड्डा बो मिश्रा	16	28	0	0
अब्दुल समद नाबाद	21	10	1	2
रशीद का हुड्डा बो मिश्रा	04	03	1	0
उमरान मलिक रन आउट	00	00	0	0
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	00	00	0	0

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 121/8

गेंदबाजी : मेयर्स 1-0-5-0, उनादकट 3-0-26-0, क्रुणाल 4-0-18-3, ठाकुर 3-0-23-1, बिश्नोई 4-0-16-1, हुड्डा 1-0-8-0, अमित मिश्रा 4-0-23-2.

लखनऊ सुपर जाइंट्स	रन	गेंद	4	6
मयर्स वा अग्रवाल बो फारूकी	13	14	2	0
केएल राहुल पगबाधा बो रशीद	35	31	4	0
दीपक हुड्डा वा और बो कुमार	07	08	0	1
कृणाल का सिंह बो मलिक	34	23	4	1
मार्कस स्टोइनिस नाबाद	10	13	2	0
शेफर्ड पगबाधा बो रशीद	00	01	0	0
निकोलस पूरन नाबाद	11	06	1	1

अतिरिक्त : 17, कुल : 16 ओवर में 127/5

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 2-0-19-1, सुंदर 1-0-11-0, फारूकी 3-0-13-1, मार्कराम 2-0-14-0, रशीद 3-0-23-2, टी नटराजन 3-0-23-0.

धवन के साथ भेदभाव कर रहा बीसीसीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2023 में कई बल्लेबाजों द्वारा अच्छा प्रदर्शन देखने को मिल रहा। हर कोई आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भी पूरा दम लगाकर राष्ट्रीय टीम में वापसी की आस भी लगा रहा है, लेकिन इस बीच एक ऐसा भारतीय बल्लेबाज भी है जो आईपीएल 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहा है। उसके प्रदर्शन ने सबको हैरान कर दिया और अब सवाल उठना शुरू हो गए हैं कि उसे बीसीसीआई आखिरकार नजरअंदाज क्यों करता है। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी यह सवाल उठाया है।

दरअसल, हरभजन ने शिखर धवन को बीसीसीआई द्वारा नजरअंदाज करने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने बीसीसीआई पर शिखर धवन के साथ भेदभाव करने का आरोप लगा दिया है। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'शिखर धवन लगातार अच्छा परफॉर्म करते आ रहें है, और कुछ महीने पहले तक वो रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में भारतीय टीम की कप्तानी भी कर रहे थे, लेकिन जैसे ही शिखर धवन से काम ले लिया गया तो उन्हें एकदम से साइड में कर दिया गया। यह ऐसा है कि मानों कभी उनकी जरूरत ही नहीं थी।'

फिटनेस और फॉर्म शानदार

हरभजन ने आगे कहा, 'धवन एक बहुत बड़े खिलाड़ी हैं और उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है। अगर विराट कोहली, रोहित शर्मा और केएल राहुल को इतने मौके मिल सकते हैं, तो फिर शिखर धवन को क्यों नहीं? धवन फिटनेस और फॉर्म दोनों के मामले में किसी से कम नहीं है। लेकिन बावजूद इसके उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है?'

आईपीएल में खेली तूफानी पारी

बता दें कि शिखर धवन ने राजस्थान के खिलाफ पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए 56 गेंदों में नाबाद 86 रन की कप्तानी पारी खेली थी और अपनी टीम की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। धवन को टीम इंडिया से बाहर ही रखा जा रहा है। बीसीसीआई अब ओपनर के रूप में शुभमन गिल को मौका दे रहा है, लेकिन सीनियर खिलाड़ी धवन हैं जो अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद टीम से बाहर रह रहे हैं। हालांकि, धवन ने हाल ही में कहा था कि उनको इसकी चिंता नहीं, उनकी किस्मत में जो होगा वही मिलेगा।

वेन पर्नेल और विजय आरसीबी में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर शुक्रवार को वेन पर्नेल और विजय कुमार को इंडियन प्रीमियर लीग के बचे हुए सत्र के लिए चोटिल रीस टॉपले और रजत पाटीदार के स्थान पर टीम में शामिल किया।

बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। टॉप्ले को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के शुरुआती मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। पाटीदार एड़ी की चोट के कारण आरसीबी के पहले मैच में नहीं खेले थे। वह अभी तक ठीक नहीं हुए हैं और टूर्नामेंट के 16वें सत्र से बाहर हो गए हैं।

सुयश की अपनी विशिष्टता है

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा युवा सुयश शर्मा को रहस्यमयी स्पिनर नहीं मानते और उन्होंने कहा कि वह सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज है जिनकी अपनी विशिष्टता है। दिल्ली के अंडर 25 स्पिनर सुयश ने अभी तक केवल आयु वर्ग के टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने गुरुवार को सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर केकेआर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आसान जीत दिलाई थी।

लिविंगस्टोन 10 को पंजाब किंग्स से जुड़ेंगे

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से इस सप्ताहांत तक फिटनेस मंजूरी मिल जाएगी जिससे वह अपनी टीम पंजाब किंग्स से 10 अप्रैल को जुड़ेंगे। लिविंगस्टोन चार महीने पहले पाकिस्तान में टेस्ट पदार्पण के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके घुटने में चोट लगी है जिसके कारण वह उसके बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए। इस बीच उनकी पिछले साल के टखने की चोट भी उभर आई थी।

बांग्लादेश ने एकमात्र टेस्ट मैच में आयरलैंड को 7 विकेट से हराया

मीरपुर। अनुभवी मुशफिकुर रहीम की शानदार बल्लेबाजी से बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन लंच के कुछ देर बाद ही सात विकेट से जीत हासिल की। आयरलैंड ने पहली पारी में 214 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 369 रन बनाकर मजबूत बढ़त हासिल की। आयरलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 292 रन बनाए और इस तरह से बांग्लादेश के सामने 138 रन का लक्ष्य रखा। बांग्लादेश ने तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल किया। आयरलैंड ने अपनी दूसरी पारी छह विकेट पर 286 रन से आगे बढ़ाई और बांग्लादेश ने 36 मिनट के अंदर उसके बाकी बचे चार विकेट हासिल कर दिए। आयरलैंड की दूसरी पारी का आकर्षण लोरकान टकर का शतक रहा। उन्होंने 162 गेंदों का सामना करके 108 रन बनाए। वह केविन ओ ब्रायन के बाद अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले आयरलैंड के दूसरे बल्लेबाज बने।

इंग्लैंड ने जीता पहला महिला फाइनलिसिमा का खिताब

लंदन। इंग्लैंड ने क्लो केली के गोल के दम पर ब्राजील को यहां पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित करके पहला महिला फाइनलिसिमा फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। यह मुकाबला यूरोप और दक्षिण अमेरिका की चैंपियन टीमों के बीच खेला जाता है। वेम्बले में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 83,132 दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। इलिया टूने के 23वें मिनट में किए गए गोल से इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन ब्राजील ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। ब्राजील की एंड्रेसा अल्वेस ने इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी एर्प्स की गलती का फायदा उठाते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंच गया जिसमें इंग्लैंड की तरफ से जॉर्जिया स्टैनवे, राचेल डेली, एलेक्स ग्रीनवुड और केली ने गोल करके जीत सुनिश्चित की।

19 वर्षीय खिलाड़ी ने पदार्पण मैच में 30 रन देकर झटके तीन विकेट

कोई 'गॉडफादर' नहीं, आईपीएल में चमके सुयश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ जीत में प्रभावित करने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स के 'इम्पैक्ट प्लेयर' सुयश शर्मा का क्रिकेट के भ्रष्ट माहौल में कोई 'गॉडफादर' नहीं है। दिल्ली के मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले इस लेग स्पिनर ने अभी तक अपनी काबिलियत के बूते सफलता हासिल की है। पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके के 19 वर्षीय सुयश ने कोलकाता की टीम की ओर से आईपीएल में पदार्पण करते हुए 30 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 81 रन से पराजित करने में कामयाब रही। मध्यम वर्ग के परिवार की अपनी ही समस्याएं होती हैं और फिर उनके पिता भी कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्होंने 'गॉडफादर' के नहीं होने, तमाम परेशानियों और तनाव के बावजूद क्रिकेट की चुनौतियों से निपटना जारी रखा। सुयश ने बीती रात आईपीएल मैच में अपनी लेग ब्रेक और गुगली से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के दो विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और अनुज रावत के अलावा आल राउंडर कर्ण शर्मा के विकेट झटके। दिल्ली के कोच रणधीर सिंह ने कहा, 'सुयश के लिए यह यात्रा आसान नहीं रही है। वह दिल्ली के पूर्व स्पिनर सुरेश बत्रा का शिष्य था और उनके क्लब के लिए खेलता था। कोविड-19 के कारण हमने सुरेश जी को गंवा दिया और फिर वह मेरे पास आया क्योंकि वह मैच अभ्यास चाहता था। मैंने डीडीसीए लीग में अपने मद्रास क्लब में और ओपन टूर्नामेंट में 'रन-स्टार' क्लब में खेलने का मौका दिया।'

परेशानी भरा रहा बीता साल

पिछला एक साल सुयश के लिए काफी परेशानी भरा रहा क्योंकि वह संपन्न परिवार से नहीं है। सिंह ने कहा, 'उसके पिता को कैंसर होने का पता चला। लेकिन मुझे लगता है कि वह हमेशा दिल्ली के पूर्व स्पिनर और मुंबई इंडियंस के मौजूदा मैनेजर राहुल सिंघवी का कर्जदार रहेगा जिन्होंने उसके पिता के उपचार में उसकी काफी मदद की। मैंने उसे कहा कि अगर उसे कोई मदद की जरूरत है तो हम एक्स में भी उन्हें दिखा सकते हैं लेकिन राहुल की बदौलत उसके पिता का इलाज मुंबई में किया गया। वह भी मुंबई इंडियंस के ट्रायल्स में शामिल हुआ।'

इन बैलेंस एक्सरसाइज को अपने रूटीन में करें शामिल

बॉडी बेलेंस एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हम अपने युवा दिनों में सोचती ही नहीं हैं। युवा दिनों में हम अपने करियर, आगे बढ़ने और अपनी लाइफ को एंजॉय करने के बारे में ही सोचते हैं और अपने फिटनेस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे पाते हैं। जिसका असर हमें बुढ़ापे में देखने को मिलता है। लेकिन कुछ ऐसे बेलेंस एक्सरसाइज हैं जिनकी मदद से आप बुढ़ापे में भी अपने बेलेंस को मेंटेन कर सकते हैं। खासकर महिलाएं जो अक्सर घर के कामकाज में बच्चों या नाती-पोतों के पीछें भागते हुए अपना संतुलन खो बैठती हैं जिसके कारण फ्रेक्चर भी हो सकता है। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ बेलेंस एक्सरसाइज के बारे में जो आप अपनी मम्मी, दादी को घर में करवा सकते हैं और उनके बॉडी बेलेंस को मेंटेन कर सकते हैं।

सिंगल लेग स्टांस

इस एक्सरसाइज को करना बहुत आसान है। बस आपको अपने एक पैर के बल पर बैलेंस बनाकर खड़े रहना है, जब तक आप खड़े रह सकते हैं। इसके बाद आप अपने पैर को स्विच कर लें। इस एक्सरसाइज को कई बार दोहराएं। फायदा सिंगल लेग स्टांस एक शुरुआती एक्सरसाइज है जिसका उपयोग पैर की संतुलन क्षमता में सुधार के लिए किया जाता है। जितनी देर आप एक पैर पर खड़े रहेंगे, उतना ही ज्यादा मांसपेशियां थकेंगी, जिससे आपके मांसपेशियों का संतुलन बनेगा।

हील टू टो वॉक

इस एक्सरसाइज में आपको अपने पैरों की ऊंगली के बल पर चलना है। इस दौरान आप एक सीधी रेखा केबल पर चलने की कोशिश करें और बेलेंस मेंटेन करें। फायदा हील टू टो वॉक एक्सरसाइज से आपके पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। बेलेंट मेंटेन होता है। क्योंकि पैरों की ऊंगलियों के बल पर चलना थोड़ा मुश्किल होता है। खासकर एक सीधी लाइन में चलना।

स्टैंडिंग लेग लिफ्ट्स

स्टैंडिंग लेग लिफ्ट्स एक्सरसाइज के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को स्थिर रखते हुए एक पैर को साइड की तरफ उठाएं। इसके बाद अपने पैर को नीचे करें और दूसरे पैर से वहीं प्रक्रिया दोहराएं। फायदा संतुलन में सुधार और कूल्हे की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए स्टैंडिंग लेग लिफ्ट्स एक बेहतर एक्सरसाइज है। जिसमें आपके गिरने का खतरा कम हो जाता है। खासकर बुजुर्ग लोगों के लिए ये एक्सरसाइज फायदेमंद है।

चेयर स्क्वैट्स

अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई से अलग करके एक कुर्सी के सामने खड़े हो जाएं। फिर कुर्सी पर बैठने के लिए धीरे-धीरे अपने शरीर को नीचे करें, फिर वापस खड़े हो जाएं।

फायदा चेयर स्क्वैट्स आपके पेट को पतला बनाने के साथ शरीर को फिट रखने में मदद करताहै। इतना ही नहीं आपके पेट की चर्बी घटाकर पतला करने में भी मददगार है।

ताई ची

ताई ची ऐसी मुद्राएं हैं, जिसमें ध्यान केंद्रित करके लंबी सांस लेना और छोड़ना होता है। इसका अभ्यास आप टहलते हुए, खड़े-खड़े या बैठ कर भी कर सकते हैं। फायदे ताई ची एक ऐसी एक्सरसाइज है जो आपके बॉडी में संतुलन, शक्ति और लचीलेपन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

दोस्त की शादी में लूटनी है महफिल, तो इन टिप्स को जरूर करें फॉलो, टिक जाएंगी लोगों की नजरें

फैशन के दौर में आजकल हर कोई स्टाइलिश दिखना चाहता है। खासकर हम तब और ज्यादा बेस्ट दिखने की कोशिश करते हैं, जब हमारे किसी फ्रेंड की शादी होती है। फ्रेंड की शादी में शिरकत करने के लिए हम कई दिनों पहले से ही तैयारी करना शुरू कर देते हैं। हालांकि लड़कियों के पास स्टाइलिश दिखने के कई सारे ऑप्शन होते हैं। लेकिन अगर बात लड़कों की हो तो उनको समझ नहीं आता कि दोस्त की शादी में किस तरह से उन्हें तैयार होना चाहिए कि हर नजर उन पर ठहर जाए। दरअसल, दोस्त की शादी में शिरकत करने के दौपान आपको हर वक्त अपने दोस्त के आसपास रहना होता है। जिसके चलते आपका डैशिंग दिखना और भी लाजिमी हो जाता है। ऐसे में अगर आपको भी अपने दोस्त की शादी अडेंट करनी है तो आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपने दोस्त की शादी में डैशिंग दिख सकते हैं। शादी की भागदौड़ के बीच आप अपनी स्किन का ख्याल रखना भूल जाते हैं। ऐसे में आपको इस गलती को करने से बचना चाहिए। स्किन का ख्याल रखने के लिए आप शादी के पहले फेस मसाज भी करवा सकते हैं या फेस स्क्रब भी स्किन केयर का अच्छा ऑप्शन है। इससे आपके फेस पर जमी सारी गंदगी निकल जाती है। दोस्त की शादी में स्टाइलिश और डैशिंग दिखने के लिए आप हेयर ट्रीटमेंट भी करा सकते हैं। वहीं अगर आप चाहें तो नया हेयर स्टाइल भी ट्राई कर सकते हैं। आपको बता दें कि आजकल बंद गले की जैकेट काफी ट्रेंड में चल रही है। दोस्त की शादी में आप अपनी पसंद के हिसाब से हाफ या फुल दोनों तरह की स्लीव वाली जैकेट कर सकते हैं। इसके अलावा आप फ्लोरल प्रिंट वाली जैकेट से भी अपने लुक को कंप्लीट कर सकते हैं।

दमा डायबिटीज और डिप्रेशन किसी कहर से कम नहीं

कोरोना के बाद बढ़ती ये बीमारियां

देश और दुनियाभर में कोरोना का कहर कम तो हुआ है लेकिन, खत्म नहीं हुआ है। भारत में तो पिछले 24 घंटे में भी 5 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। ऐसी स्थिति जब आप पूरा विश्व विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रहा है और इसका थीम Health for all तो सवाल ये है कि कोरोना के बाद अब कौन सेहतमंद बचा है। जी हां, दरअसल कोरोना होने के बाद लोगों को कुछ ऐसे साइड इफेक्ट्स हुए हैं जिससे लोग आज भी परेशान हैं। ऐसी स्थिति में आज के डालते हैं एक नजर कोरोना के बाद लोगों को परेशान करने वाली इन बीमारियों पर।



कोरोना के बाद कहर बनी ये बीमारियां

कोरोना के बाद लोगों में क्रोनिक डिसीस बड़ी तेजी से बढ़ी हैं। दुनियाभर में लोग इसके बाद अपने कई अंगों के खराब होने या डैमेज का असर महसूस कर रहे हैं। ये डैमेज सिर्फ फेफड़ों का ही नहीं है बल्कि, ये शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर भी देखने को मिलता है। जैसे कि।

सांस से जुड़ी बीमारियां

कोरोना के बाद लोगों में सांस से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ी है। ये बीमारियां अस्थमा यानी दमा ही नहीं है, बल्कि निमोनिया, लंग इंफेक्शन, ब्रोंकाइटिस और लंबे समय तक रहने वाला खांसी-जुकाम भी है।

बढ़े डायबिटीज रोगी

कोरोना के बाद जो लोग ठीक हो गए हैं, वो उस इलाज के कारण डायबिटीज के शिकार हो गए हैं। बहुत से मामलों में स्टेरॉयड दवाओं के इस्तेमाल के कारण लोगों में ये दिक्कत बढ़ी है। तो, कुछ लोग खराब लाइफस्टाइल और वर्क फ्रॉम होम की वजह से इस बीमारी के शिकार हो गए हैं।

दिल की बीमारियां

कोरोना के स्ट्रेस और खराब जीवनशैली ने भी लोगों को हाई बीपी का शिकार बना दिया है। इसके अलावा कोरोना के दौरान और उसके बाद लोगों में हार्ट अटैक और दूसरी बीमारियां भी तेजी से बढ़ी, जिसके वजह से आज कई स्वस्थ लोग दिल के मरीज बन चुके हैं।

मानसिक बीमारियां

कोरोना के बाद सबसे बड़े कहर के रूप में मानसिक बीमारियां सामने आई हैं। इसकी वजह से लोगों को ब्रेन फॉग और डिप्रेशन जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद से लोगों में एंग्जायटी डिसऑर्डर भी तेजी से बढ़ा है और कुछ लोगों के जीवन का अब ये एक हिस्सा बन गया है।

बॉडी को रखना है हेल्दी और रिलेक्स घर पर

इस तरह करें स्पा

गर्मी में हम सभी को अपनी बॉडी को रिचार्ज करनी की जरूरत होती है। ऐसे गर्म मौसम में खुद को रिलेक्स करने और बॉडी को रिफ्रेश करने के लिए होम स्पा से बेहतर क्या हो सकता है। होम स्पा आपके लिए उतनी ही आरामदायक और अच्छा साबित हो सकता है जितना किसी महंगी जगह पर जाकर स्पा लेना। होम स्पा के लिए आप एक ऐसा दिन चुने जब आपको कोई भी काम न हो कुछ घंटे आप खुद के लिए निकाल सकें। इस समय अपना फोन साइड रखें और अपने दिन को बेहतर बनाएं। तो आइए जानते हैं घर पर स्पा करने के सही तरीके के बारे में...

मूड करें सेट

होम स्पा में अपनी बॉडी को रिलेक्स करने के साथ आप अपने मूड को भी रिफ्रेश करते हैं। इसके लिए सबसे पहले आप अपने रूम के दरवाजे को बंद करके हल्की लाइट में अपनी पसंद की फ्रेगनेंस केंडल्स जलाएं और अपने पसंद के गाने चलाएं। लेकिन ध्यान रहे कोई दुख भरा या सीरियस गाना सुनने से बचें।

स्किन करें तैयार

अब अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करें। ऐसा करने से आपके शरीर से गंदगी, एक्सट्रा ऑयल, डेड स्किन सेल्स निकल जाते हैं। आप किसी अच्छे ब्रांड के बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करें या फिर घर पर ही बॉडी स्क्रब तैयार करें। इसके बाद अपने चेहरे को स्टीम करें। स्किन को स्टीम करने से आपकी त्वचा मुलायम, हाइड्रेट और डिटॉक्स होती है। आप स्टीमर में अपनी पसंद का कोई भी एसेंशियल ऑयल भी मिला सकते हैं।

स्किन मसाज

इस गर्मी में बॉडी मसाज से बेहतर क्या हो सकता है। आप होम स्पा के इस स्टेप में अपने किसी फैमिली मेंबर या दोस्त की मदद ले सकते हैं। स्किन की मालिश करने के लिए आप उंगलियों का इस्तेमाल करें। फेशियल मसाज आप सर्कुलेशन मोशन में करें। ऐसे करने से आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहता है।

बॉडी वॉश और फेस मास्क अब अपनी बॉडी को बॉडी वॉश से क्लीन करें। ऐसा बॉडी वॉश चुने जिसमें विटामिन सी, जैतून का तेल और शीया बटर जैसी सामग्री से भरपूर हो। इस दौरान अपने चेहरे पर अपने पसंद का फेस मास्क लगाएं।

स्कैल्प स्क्रब ट्राई करें डिटॉक्सिफाइंग स्कैल्प स्क्रब एक ही समय में आपके लिए सुपर रिलैक्सिंग और अच्छा साबित हो सकता है। यह आपके बालों से गंदगी, तेल और अन्य केमिकल को निकालने में मदद करता है। आप होममेड या मार्केट से लाकर अपनी पसंद के हेयर मास्क को सिर में लगाएं। और एक बेहतरीन बाथ लें।

लंदन स्कूल क्रिकेट टीम ने गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए जुटाए 25 हजार पाउंड

- राशि जुटाने को किया था भारत में 10 दिन का दौरा
- पूर्व क्रिकेटर अजय शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर बच्चों का किया सम्मान

लंदन के एक प्रतिष्ठित स्कूल द हॉल के बच्चों की क्रिकेट टीम का 10 दिन का भारत दौरा काफी शानदार रहा। इस दौरे के दौरान इन बच्चों ने मैजिक बस के द्वारा भारत के गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए 25 हजार पाउंड (25 लाख से अधिक की राशि) भी जुटा कर दिए है। शुक्रवार को वापस अपने देश लौटने से पहले स्कूल क्रिकेट टीम के नवोदित क्रिकेटरों को मुख्यातिथि भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय शर्मा ने अधिकार मंच सम्मान समारोह में बैट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीआरपीएफ के आईजी मनीष अग्रवाल भी मौजूद रहे।

लंदन स्कूल द हॉल के हेडमास्टर क्रिस गॉडविन ने कहा कि उनके स्कूल के बच्चों का यह 10 दिवसीय दौरा काफी सराहनीय और सफल रहा। उनके स्कूल ने दिल्ली, जयपुर और आगरा में 6 मैच खेले। जबकि राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, ताजमहल, अंबर किला और अन्य सांस्कृतिक स्थलों की यात्रा की। जिससे भारत को करीब से जानने का उनके बच्चों को मौका मिला है। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल के बच्चों ने मैजिक बस से लगभग 25 हजार पाउंड की एक राशि जुटाई है जो भारत में गरीब बच्चों को माध्यमिक शिक्षा पूरी करने में सक्षम बनाकर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दान की गई है। उम्मीद है कि उनके स्कूल के बच्चों का यह अनुभव आगे भी उनको बेहतर कार्यों को करने की प्रेरणा देगा। इस समारोह के दौरान डीडीसीए निदेशक मनजीत सिंह, इंवेस्टमेंट बैंकर रिनीश बंसल, लंदन के स्कूल हेडमास्टर क्रिस गॉडविन, समन्वयक विलियम पेरी-पार्क्स सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जठरांत्र संबंधी समस्याओं को रोकने में मदद करता है साबुत अनाज

मोटापा दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता है, इसके साथ कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी हुई हैं। एक क्षेत्र जहां मोटापे का महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है वह जठरांत्र संबंधी स्वास्थ्य पर है। बेरिएट्रिक सर्जन डॉ. आरुष सभरवाल के अनुसार, मोटापा कई गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं को जन्म दे सकता है, जिसमें गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जी. ई. आर. डी.), नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और पित्त पथरी शामिल हैं। डॉ सभरवाल बताते हैं कि मोटापा पेट पर दबाव बढ़ा सकता है और एसिड रिफ्लक्स का कारण बन सकता है, जो समय के साथ अन्नप्रणाली को नुकसान पहुंचा सकता है। न्यूट्रिशनिस्ट कनक अग्रवाल मोटापे और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं के बीच संबंध पर भी जोर देती हैं। एक स्वस्थ आहार जिसमें भरपूर मात्रा में फाइबर, फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल हैं, स्वस्थ पाचन का समर्थन करने और जठरांत्र संबंधी समस्याओं को रोकने में मदद कर सकते हैं, वह कहती हैं। हालांकि, कुछ व्यक्तियों के लिए, मोटापे से संबंधित गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं को दूर करने के लिए अकेले जीवनशैली में बदलाव पर्याप्त नहीं हो सकता है। ऐसे मामलों में बेरियाट्रिक सर्जरी एक विकल्प हो सकता है। बेरिएट्रिक सर्जरी एक प्रकार की वजन घटाने की सर्जरी है जो व्यक्तियों को महत्वपूर्ण वजन घटाने और उनके जठरांत्र संबंधी स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकती है। डॉ. आरुष सभरवाल के अनुसार, मोटापे से संबंधित गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए बेरिएट्रिक सर्जरी एक शक्तिशाली उपकरण हो सकती है। महत्वपूर्ण वजन घटाने से, व्यक्ति अपने पेट पर दबाव कम कर सकते हैं और अपने समग्र स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। कुल मिलाकर, मोटापे और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं के बीच संबंध स्वस्थ वजन बनाए रखने और पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों के प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करता है।

डॉ. आरुष सभरवाल

अधिक जानने के लिए आप हमें info@scodclinic.com पर अपने प्रश्न लिख सकते हैं। नियुक्तियों या पोषण संबंधी चिंताओं के लिए हमें +91-8130130489 पर कॉल करें; अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल पर जाएं: डॉ. आरुष सभरवाल।

इन कारणों की वजह से फड़कती है आंख



क्या आप भी उन लोगों में शामिल है जो आंख फड़कने को किसी अशुभ घटना के होने का संकेत मानते है। तो बतादें कि पलकों का फड़कने के पीछे कई साइंटिफिक कारण भी हो सकते है। पलकों का फड़कना, मसल्स की स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसका मुख्य कारण स्ट्रेस होता है। हालांकि, इसके पीछे अन्य कारण भी हो सकते है जैसे आंखों पर पड़ता जोर, थकान, सूखी आंखें, कैफीन का अत्यधिक सेवन, डिहाइड्रेशन, अत्यधिक शराब पीना आदि। तो यहां हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे है कि जिन्हें अपनाकर आप इस समस्या से निजात पा सकते है।

ये है आंखों के फड़कने का कारण

- विटामिन B 12 की कमी
- इलेक्ट्रोनिक गैजेटस जैसे मोबाइल या कम्प्यूटर पर ज्यादा काम करना - एल्कोहल या स्मोकिंग का अधिक सेवन
- कॉफी और चाय का अधिक सेवन - ज्यादा सोचना, चिंता करना, स्ट्रेस लेना और डिप्रेशन की समस्या आंख ज्यादा फड़के तो क्या करें पलकों को जोर-जोर से झपकाए।
- आंख फड़कने की समस्या से निजात पाने के लिए जितना सम्भव हो उतनी जोर से आंखें बंद कर लें। फिर आंखों को खोल कर जितना हो सके फैलाए। इस क्रिया को तब तक जारी रखें जब तक आंखों से आंसू न निकल जाए। लेकिन अगर आपको इस दौरान दर्द का एहसास हो तो तुरंत इस क्रिया को करना बंद कर दें।

सपा के लोकसभा प्रभारी राम अचल राजभर ने की समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में बंशीबाजार स्थित रायल पैलेस में संगठन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई । इस बैठक में संगठन की समीक्षा करने आये इस समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं गाजीपुर -बलिया लोकसभा के प्रभारी राम अचल राजभर ने संगठन की समीक्षा करते हुए 5 जून तक बुथ कमेटियों को पुनर्गठित करने का निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पुर्व संगठन के ढीले पड़े पेंच कस लें। उन्होंने कहा कि सांगठनिक कार्यों में लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं होगी । उन्होंने कहा बुथ कमेटी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। बिना मजबूत बुथ कमेटी के चुनाव जीतने की कल्पना नहीं की जा सकती। बुथ कमेटियां ही पार्टी की नीतियों ,योजनाओं और नेता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कार्यकताओं से अनुशासित रहने और तय सीमा में काम करने की हिदायत दिया और अपने अपने क्षेत्र में भाईचारे कायम करने का भी पाठ पढ़ाया। उन्होंने जिला नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों को अनुशासित फौज तैयार करने का निर्देश दिया और कहा कि गांव गांव में जाकर गरीब की झोपड़ी और उनकी टूटी खाट पर बैठकर संगठन तैयार करने, पार्टी की रीतियों और नीतियां को तथा अपने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उन्हें बताने और भाईचारा बनाने की हिदायत दिया। उन्होंने कहा कि सभी जाति और धर्म के लोगों को बुथ कमेटी में शामिल करने का भी निर्देश दिया ।

उन्होंने भाजपा सरकार को दलितों -पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है। यह सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। उन्होंने सभी लोगों से एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया, नेता जी मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चलकर दलितों-पिछड़ों के हक की लड़ाई लगातार लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी लगातार केन्द्र और प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संघर्ष छेड़ रक्खीं है। ताकि समाज के सभी लोगों को उनकी

आबादी के हिसाब से उनका हक दिलाया जा सके ।

इस बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि लगातार बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते देशवासी खुन के आंसू रो रहे है। बेसमय बारिश और ओलावृष्टि के चलते किसान दुखी हैं। भाजपा देश में मजहबी दंगा कराकर अपनी विफलताओं को छिपाना चाहती है। वह मजहबी दंगे कराकर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय के चुनाव में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना चाहती है।समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र पर लगातार हमला कर रही है। हमें लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को डॉ भीमराव अम्बेडकर, डॉ लोहिया , लोकनायक जयप्रकाश नारायण और नेता मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर इनका मजबूती से जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई है। उन्होंने वर्तमान दौर को बदलने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। इस देश का लोकतंत्र, संविधान और देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप खतरे में है। यह सरकार पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर चलकर देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। यह सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विरोधी दलों के नेताओं के चरित्र हनन और उन्हें परेशान करने के लिए कर रही है। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि आज देश में लगातार मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ता जा रहा है लेकिन भाजपा सरकार इस पर अंकुश न लगाकर केवल अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त हैं । उन्होंने रामनवमी के अवसर पर देश में हुए दंगो की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव और 2024में होने वाले लोकसभा के चुनाव में हार सन्निकट देखकर भाजपा फिर देश में मजहबी दंगे कराकर अपने साम्प्रदायिक और राजनीतिक मंसूबों को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का अतिपिछड़ा प्रेम मात्र दिखावा है। इसने हमेशा दलितों और पिछड़ों को छलने का काम किया है।

विधायक सोएब अंसारी उर्फ मन्नू अंसारी जी ने कहा कि समाजवादी पार्टी समर्पित कार्यकताओं की फौज है। इतनी शानदार सेना किसी दूसरे राजनीतिक दल के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि आज लड़ाई गंभीर है। वर्तमान सरकार समाजवादियों के जमीन और जमीर से खेलने का काम कर रही है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजेश कुशवाहा,पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, पुर्व विधायक त्रिवेणी राम,पुर्व मंत्री सुधीर यादव पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, सुदर्शन यादव,पुर्व मंत्री रमाशंकर राजभर, अशोक कुमार बिंद, बृजदेव खरवार, योगेन्द्र राय, अशोक कुमार बिंद,अरुण कुमार श्रीवास्तव, विवेक सिंह शम्मी, आशा यादव, पुर्व प्रमुख आलोक राम, रामाधार यादव, आमिर अली, तहसीन अहमद, गोवर्धन यादव,जय हिन्द यादव, कमलेश यादव,भानु यादव, अनिल यादव,रामवचन यादव, संगीता गुप्ता, लल्लन राय,सत्येंद्र यादव सत्या,दिनेश यादव,पूजा गौतम, अशोक कुमार बिंद, आशा यादव, अमित ठाकुर,सिंकदर कन्नौजिया, सदानंद कन्नौजिया, छोटे लाल यादव,गणेश वर्मा, सुजीत कुमार,रियाज अंसारी,निजामुद्दीन खां, जयराम यादव,जमुना यादव,पुर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभुनाथ राम, छन्नू यादव ,राजू यादव, जिला पंचायत सदस्य कमलेश यादव ,कंचन रावत,पुर्व प्रमुख गरीब राम,सैदपुर नगर पंचायत के पुर्व चेयरमैन शशि सोनकर, ताहिर हुसैन,आत्मा यादव, शिवपूजन यादव पांचू,सुशील जायसवाल, हरेंद्र विश्वकर्मा,दिनेश यादव, अनिल यादव, विभा पाल, नफीसा बेगम, राजेश कुमार यादव,अम्बिका यादव,रीना यादव, रीता विश्वकर्मा, अभिनव सिंह, रजनी कान्त यादव, संदीप यादव, अनिल कुमार यादव,ओपी यादव, भगवान यादव, दयाशंकर यादव, अनिल यादव,मेराज खां,जगत मोहन बिंद, रामज्ञान यादव, आदि उपस्थित थे। इस बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर केडीसी कॉलेज, मथुरा और सक्षम यूथ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई

प्रखर डेस्क। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर केडीसी कॉलेज, मथुरा और सक्षम यूथ के संयुक्त तत्वावधान में एक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई।इस रैली का नेतृत्व श्री आदर्श चौधरी के द्वारा किया गया। जैसा सभी जानते हैं कि इस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी और इस स्थापना दिवस को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाते हैं। बतादे की रैली के द्वारान विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए आदर्श चौधरी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियो ने दुकानदारों, सब्जी विक्रेताओं, ठेले व साइकिल पर सामान बेचने वाले लोगों को पॉलीथीन, प्लास्टिक और वैक्स कोटेड से बने उत्पाद और सामिग्री का बहिष्कार और इनके स्थान पर

कागज, कपड़े और जूट के बने थैले उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। रैली में सभी विद्यार्थी अपने हाथों में बहुत ही अच्छे व्यवहारिक ज्ञान एवं समाजिक सन्देश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।जैसे कि सांसे हो रही कम,आओ पेड़ लगाए हम तथा सुरक्षित रहेगा हमारा परिवार, जब करेंगे हम प्लास्टिक का बहिष्कार इत्यादि। इस जागरूकता रैली कार्यक्रम को आयोजित करने में कॉलेज के शिक्षक पंकज सिंह, लक्ष्मीकांत और राजकुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के चेयरमैन अनिल चौधरी ने रैली में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य में भी सामाजिक कार्यों को करने हेतु मनोबल बढ़ाया। साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

प्रदेश के राशन डीलरो को मानदेय दिया जाय : राजेश तिवारी

प्रखर जौनपुर। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी के राशन डीलरो के कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश के 80000हजार राशन डीलरो को मानदेय दिया जाय।यह मांग हम उत्तर प्रदेश की सरकार से करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोटेदारों का कमीशन नवंबर माह से मार्च 2023तक अभी भुगतान नहीं हुआ है।उसे जल्द से जल्द कराया जाय। तथा अपने भाषण में कहा कि प्रदेश में जल्द ही संगठन में बदलाव किया जायेगा।कुछ पदाधिकारियों को अन्य जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तथा कुछ नये लोगों को जगह मिलीगी। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने कहा कि हम पिछ्ले महीने दिल्ली में संसद घेराव कार्यक्रम जन्तर मन्तर पर देश के

5,30हजार राशन डीलर एकत्र हो कर अपनी मांगों के लिए विरोध किया था। उसके लिए हमें सरकार से50000इनकम की गारंटी चाहिए और प्रत्येक कोटेदार का 50000हजार आय होनी चाहिए।हम केन्द्र सरकार से मांग किये है कि जो कार्डों पर ईपोश मशीन में अंगूठा नहीं लगता है या नेटवर्क की परेशानी आती है।उसके लिए बिना अंगूठा लगाये। आधार से कार्डधारकों को खाद्यान्न दिया जाय।यह हमारी मांग केन्द्र सरकार से थी।जिसको केन्द्र सरकार द्वारा इस मांग को मान लिया गया है।देश के सभी उचित दर विक्रेताओं का बीमा कराया जाय। तथा प्रदेश में कोटेदारों के ऊपर धारा 3/7कोहटाया जाय। तथा पिछले सरकारों द्वारा जो राजनैतिक देष के कारण मुकदमा दर्ज हैं राज्य सरकार उसे वापस ले।

दो शातिर टप्पेबाज को चोलापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर दानगंज वाराणसी। पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी / लूट की घटनाओं के अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन में,अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में, सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 131/2023 धारा 417,406, 420 भा0द0वि0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी व मु0अ0सं0 132/2023 धारा 417,406, 420 भा0द0वि0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. केशव प्रसाद सिंह पुत्र राम पलट सिंह निवासी खुशहाल नगर सेक्टर- अ बड़ालालपुर थाना शिवपुर वाराणसी, 2. अभिषेत कुमार पुत्र महेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम लेढुपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को कटहलगंज के पास से दिनांक 07.04.2023 को समय करीब 19.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व धोखाधड़ी में प्रयुक्त 03 अदद मोबाइल फोन व 04 अदद आधार कार्ड, 01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस, 01 अदद पैन कार्ड व जामा तलाशी से 1230 रुपए नगद बरामद हुआ। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व चोरी की मोटरसाइकिलों की बरादमगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर में मु0अ0सं0 133/2023 धारा 41/411/414 भा०वि० पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।अभियुक्तगण पूछताछ पर बता रहे हैं कि हम लोग एक दूसरे के साथ मिलकर लोगों को धोखा देकर धोखाधड़ी (टप्पेबाजी) करते हैं जिसमें अपने मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं व अपनी मूल पहचान छिपाने के लिए नकली आधार कार्ड का प्रयोग करते हैं। हम दोनो लोग मिलकर ईट भट्ठों के मालिकों एवं जो लोग मकान निर्माण हेतु सरिया सीमेंट इत्यादि खरीदने व बेचने का व्यापार करते हैम उनसे ब सामान लेने वाले मकान निर्माण करा रहे ग्राहकों से बातचीत कर जिस स्थान पर सामान ईंट, सरिया, सीमेंट इत्यादि गिराया जा रहा होता है उसी दौरान हाथ की सफाई करते हुए ग्राहकों से पैसा लेकर तथा धोखाधड़ी करके भाग जाते हैं, फोन करने पर दोबारा फोन नहीं उठाते हैं और उस क्षेत्र में आना जाना छोड़ देते हैं।

पीपीगंज में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं संबंधित अधिकारियों के द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में पुलिस अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी पहुंचकर जन समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान कराया जाता है। थाना समाधान दिवस में तहसीलदार कैंपियरगंज राकेश कनौजिया व थाना प्रभारी पीपीगंज आशीष कुमार सिंह के द्वारा जन समस्याये सुनी गई। थाना समाधान दिवस में मात्र 8 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। सभी मामले राजस्व के थे मौके पर एक मामले का निस्तारण कर दिया गया। शेष मामले के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दे दिए गए हैं। मौके पर एसआई अश्विनी चौबे ,शमशीर अहमद, अशोक कुमार सरोज, चौकी प्रभारी पीपीगंज केके यादव, राम अवध व फरियादी मौजूद रहे।

सबसे बड़ा नेता हमारे बूथ पर- सपा राष्ट्रीय महासचिव/विधायक लालजी वर्मा

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के 73 लोकसभा जौनपुर, 74 लोकसभा मछलीशहर,के बूथ गठन हेतु हिन्दी भवन मे आयोजित कार्यकर्ता बैठक के मुख्य अतिथि बूथ गठन प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव, विधायक लालजी वर्मा ने बैठक को संम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का सबसे बडा नेता हमारा बूथ पर है जो समाजवादी पार्टी को वोट दिलाने और अपना बूथ जिताने का काम करता है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्देश है। हमारे बूथों के कार्यकर्ता का सम्मान हमारे लिए सर्वप्रिय है। और जो नेता उनका सम्मान नहीं करेगा उसे कभी सम्मान नहीं मिलेगा। कहा आप ही लोगों के बदौलत ही इस देश से भाजपा सरकार उखाड़ फेकने का काम किया जायेगा कहा भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस फर्जी एनकांउन्टर करती है । लालजी वर्मा ने कहा भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। बिजली महंगी कर दी है। गैस सिलेण्डर महंगे हो गये हैं। सरकार के पास जनता से जुड़े मुद्दों का कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और उसके मित्र उद्योगपतियों ने देश का जो पैसा डुबोया है, उस पर बहस नहीं करना चाहती है। आगे कहा कि भाजपा संविधान का गला घोट रही है।

वर्मा ने कहा कि अब 2024 का चुनाव देख कर वोट के लिए भाजपा सरकार शिलान्यास कर रही है। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार ने अब तक 17 बजट प्रस्तुत किये हैं लेकिन आम जनता की आर्थिक स्थिति में सुधार होने के बजाय और दयनीय होती जा रही है। भाजपा सरकार इसका कोई जवाब नहीं दे सकती है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा बूथ स्तर तक का गठन समाजवादी पार्टी हर जाति धर्म के लोगों को साथ जोड़ कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है हमारे बूथों नेताओं का सम्मान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है बैठक में मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल,पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव लललई,लालबहादुर यादव, श्री राम यादव, राजनरायन बिन्द अरशद खान, सुषमा पटेल, दीपचंद्र सोनकर,कैलाश सोनकर, बिरजू राम,राजबहादुर यादव, यशवता यादव, राकेश मौर्या श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी,राजन यादव राजेंद्र टाईगर,श्रवण जयसवाल पूनम मौर्या, राजेश यादव,दीपचंद राम विवेक रंजन, श्याम नरायण बिन्द,भानु प्रताप मौर्या, शिवजीत यादव निरज पहलवान, सोचनराम विश्कर्मा, राजमूर्ति सरोज रमेश साहनी कमालुद्दीन, साजिद ,इर्शाद,अलमाश,अली मंजर डेजी, दिनेश फौजी अनील फौजी, मालती निषाद,शबनम नाज सोनी, तारा त्रिपाठी, मनोज मौर्या, बाबा यादव, आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

शिक्षा के साथ संस्कार देने की जरूरत : डॉ. अवधेश सिंह

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि आज बेसिक शिक्षा विभाग के कायाकल्प होने से बच्चों का जहाँ नामांकन बढ़ा है वही अभिभावकों का विश्वास जागा है। इसे निरन्तर बनाये रखने और अधिक मेहनत करनी की जरूरत है। उक्त बातें शनिवार को पिंडरा ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गरथमा में आयोजित निशुल्क पुस्तक वितरण व स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाने के पूर्व अभिभावकों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहाकि बेसिक शिक्षा जिस उन्नयन की तरफ अग्रसर है , आने वाले दिनों में सरकार व अध्यापकों के सहयोग से इतिहास रचेगा। इतिहास में पहली बार हुआ है कि सत्र के पहले ही दिन बच्चो के हाथ मे किताबें पहुची और पठन पाठन

शुरू हुआ। विधायक ने शिक्षको से आह्वान किया कि नवाचार के साथ बच्चों में संस्कार डाले जिससे आज के बच्चे , कल के एक जिम्मेदार नागरिक बन सके। उन्होंने कहाकि यह वही बेसिक के विद्यालय है जिसको लेकर गिरी नजरो से लोग देखते थे, आज उसमे प्रवेश दिला रहे। यह शिक्षकों के कर्मठता से ही सम्भव है। इस दौरान विधायक ने छात्रों के निशुल्क पुस्तक, ब्लाक के निपुण घोषित विद्यालयो के प्रमाणपत्र का वितरण करने के पश्चात टीएलम प्रदर्शनी का अवलोकन किया उसके बाद स्कूल चलो रैली के अभियान की शुरूआत की। इसके पूर्व विद्यालय के छात्राओ द्वारा सरस्वती व फूलपुर की छात्राओ द्वारा स्वागत गीत तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमईपट्टी के छात्र छात्राओं द्वारा योगा की शानदार प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। इसके पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी देवीप्रसाद दुबे ने ब्लॉक के विद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत करने के साथ अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि बीडीओ दीपकंर आर्य, एडीओ अशोक चौबे, पवन सिंह, शैलेश मिश्रा रहे। संचालन स्मृति मिश्रा व अंकिता श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रधान अनीता देवी ने दिया। इस दौरान कैलाश यादव, संजय सिंह, नवीन सिंह, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, छोटू प्रसाद, कुँवर पंकज सिंह, एआरपी रामसेवक यादव, वीरेंद्र कुमार, मनोज सिंह, नीलम राय, सुरेंद्र यादव, नितेन्द्र श्रीवास्तव, योगेंद्र पाल, राजकुमार शर्मा समेत अनेक शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

शशीकांत कुशवाहा बने भाकपा माले के जिला सचिव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के जिला कमेटी की बैठक जमानियां कस्बा स्थित एक स्कूल में हुई। बैठक में 22 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस ब्रांच स्तर पर शानदार तरीके से मनाने, राज्य कार्यालय निर्माण कोष इक्कठा करने के लिए युद्धस्तर पर लगकर पूरा करने, 27 अप्रैल को उत्तर प्रदेश खेत मजदूर सभा के राष्ट्रीय आह्वान पर ब्लाक मुख्यालयो पर आयोजित धरना-प्रदर्शन की तैयारी के साथ ही करन्डा में 1 मई को आयोजित खेत मजदूर सभा के जिला सम्मेलन की तैयारी आदि सवालों पर प्रमुख रूप से बातचीत हुई। अंत में शशिकांत कुशवाहा को भाकपा (माले) गाजीपुर का जिला सचिव चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा, कि मोदी सरकार में देश का लोकतंत्र और संविधान पर जबरदस्त हमला हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, तथा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ लिखने और बोलने वाले पत्रकारो, और चैनलों पर ईडी के छापे डाल कर चुप कराने की कोशिश है। बीबीसी कार्यालय पर छापे इसके

उदाहरण हैं। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान बचाओ, शहीदों के सपनों का भारत बनाओ अभियान को कामयाब बनाने के साथ, रोजी-रोटी आजीविका, पर बढ़ रहे खतरे के खिलाफ जनांदोलन को तेज कर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी ताकत और क्षमता के साथ उतरने का आह्वान किया। तथा पार्टी स्थापना दिवस को ब्रांच स्तर पर झंडा फहरा कर मनाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर बिंद ने कहा कि दलितों गरीबों और बीपीएल परिवारों का बिजली बिल माफ करने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने और माइक्रोफाइनेंस कम्पनियों और सुदखोरो से लिए गए कर्ज माफ करने, विधवा, विकलांग, वृद्धा पेंशन 3000 मासिक अनिवार्य करने आदि सवालों को लेकर 27 अप्रैल को सैदपुर ब्लाक समेत अन्य ब्लाक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

इंसान को जिस्मानी दिमागी ताकत देता है रोजा : शहेनशाह रिजवी एडवोकेट

प्रखर जौनपुर । भारतीय जनता पार्टी के अ.स मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य मरकजी मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सैयद शहंशाह हुसैन एडवोकेट ने कहा कि रोजा रखने से इसान की शारीरिक मानसिक शक्ति प्राप्त होती है जो भी इंसान रोजा रखता है जिस्मानी और दिमागी तौर पर तंदुरुस्त रहता है अल्लाह ने इंसान को रोजा रखने का हुक्म दिया है इंसान रोजा रखकर फायदा उठा सकें मेडिकल साइंस के मुताबिक साल मे एक बार कोई इसान 20 या 25 या दिन उससे ज्यादा या 10 घंटे भूखा प्यासा रहे तो कैंसर की बीमारी नही होती है रिजवी ने कहा की रमजान के महीने मे इसान को हर चीज का खयाल रखना चाहिए बेहद जरूरी है कि इंसान का रोजा सिर्फ जुबान का ही नहीं नजर और नियत का भी रखना चाहिए रमजान के महीने में जरूरतमंद इंसान की मदद भी करना चाहिए।

जिला उद्यान अधिकारी ने आईजीएल के बिजनेस हेड को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

प्रखर गोरखपुर। गिडा स्थित इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कंपनी परिसर में ४५०० फलदार फलों,एवं फूलो,का पौधरोपण कराया गया था, वृहद वृक्षारोपण से जहा जीव जंतुओं एवं पक्षियों को भोजन मिल रहा है वही सभी को शुद्ध आक्सीजन भी मिल रहा। प्लांट हेड शैलेंद्र पांडे ने जिला उद्यान अधिकारी के प्रति कृतज्ञता जताया, वही वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की यह वृक्षारोपण जिला उद्यान अधिकारी को देख रेख में किया गया था और आज उनके प्रतिनिधि के तौर पर अमित सिंह द्वारा यह प्रशस्ति पत्र भेट किया गया। एस के शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य,स्वच्छता,महिला सशक्तिकरण,रोजगार, उद्यमिता को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने उद्यान विभाग के प्रति आभार जताया। उक्त अवसर पर सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल ,शब्बीर अहमद उपस्थित रहे।

दुघर्टना में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम अखुआपार चौराहे के पास शुक्रवार की रात 10.30 बजे बाइक सवार युवक व उसका साथी दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा लाया गया, जहां डाक्टरों ने युवक भानू 22 वर्ष को मृत घोषित कर दिया और दूसरा साथी राहुल को जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया। ग्राम कोदरी निवासी भानू और पिपरौली निवासी राहुल जो उसका रिस्तेदार था। बाइक द्वारा दोनों घर जा रहें थे कि- अचानक अखुआपार चौराहे के पास बैलगाड़ी से टकरा गये। जिससे दोनों को गंभीर चोट लग गई। डाक्टरों ने भानू को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया।वहीं राहुल को जिला अस्पताल गोरखपुर में भर्ती कराया गया। उक्त-संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवा महेंद्र मिश्रा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

कलयुगी बेटे ने किया निर्मम कृत्य, कुल्हाड़ी से काटकर किया पिता की हत्या

प्रखर गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा टोला जीतपुर में पुत्र ने अपने पिता को शनिवार समय करीब 5:30 बजे सुबह कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तथा शव को कब्जे में लेकर पोटमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मिली जानकारी के अनुसार गीडा थाना अंतर्गत नौसड़ चौकी क्षेत्र के जीतपुर निवासी मनोज उर्फ लुक्कुड़ उम्र 45 वर्ष की शनिवार तड़के सुबह उनके बड़े पुत्र निर्मित निषाद ने कुल्हाड़ी से वार करके मौत के घाट उतार दिया। पिता की हत्या करने के बाद मौके पर ही आरोपी कुल्हाड़ी संग वही बैठा रहा। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। मौके पर पहुंचे सीओ कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह, गीडा थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्रा, नौसड़ चौकी इंचार्ज अनूप सिंह मय फोर्स मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीनी विवाद का मामला हैं। मृतक के तीन लड़के और एक लड़की हैं।

बिखरी हुई शक्तियों को इकट्ठा करना हमारा लक्ष्य -एके सिंह गोरखपुर

प्रखर गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के संयुक्त मंत्री एके सिंह के नेतृत्व में पीपीगंज रेलवे स्टेशन पर संगठन के सदस्यों के द्वारा कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत हुए। संयुक्त मंत्री एके सिंह ने बताया पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और रेलवे से संविदा की नौकरी खत्म कर स्थाई रोजगार दे। कोषाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया रेलवे के जो सबसे निचले स्तर के कर्मचारी हैं उनके पे ग्रेड में सुधार करने की जरूरत है। देवेंद्र प्रताप यादव ने कहा कर्मचारियों के साथ हो रहे सौतेला

व्यवहार कर्मचारी के हित में नहीं है। मंडल कार्यकारी अध्यक्ष विश्व प्रकाश मिश्रा ने कहा संगठन वास्तव में वह तंत्र है जो लोगों में एक साथ रहने की सामर्थ पैदा करता है। डीके तिवारी ने बताया संगठन के द्वारा हर मोर्चे पर कर्मचारियों के समस्याओं का हल और पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कराने के लिए संघर्ष जारी है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं